NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

लखनऊ से प्रकाशित

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

वर्षः 14 अंकः 20 लखनऊ, शनिवार 31 अगस्त 2024 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

क्या बीजेपी से रिश्ता तोड़ेंगे चिराग पासवान ? पीएम मोदी के हनुमान ने दे दिया साफ-साफ जवाब

एजेंसी।

नई दिल्ली चिराग पासवान स्पष्ट किया कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कभी अलग हो ही नहीं सकते, क्योंकि 'मेरा यह समर्पण मेरे प्रधानमंत्री जी के प्रति है। उन्होंने कहा कि जब मैं राजग का हिस्सा नहीं भी था तब भी मैं भाजपा और प्रधानमंत्री जी के विरोध में नहीं था। बिहार में चिराग पासवान को लेकर एक अलग चर्चा जोरों पर है। दावा किया जा रहा है कि चिराग पासवान भाजपा से नाराज चल रहे हैं। इसके साथ ही यह भी दाहा किया जा रहा है कि चिराग पासवान की पार्टी के 3 सांसद । में खुलकर सामने आए हैं,

भाजपा से संपर्क में हैं। कुल मिलाकर देखें तो चिराग पासवान जिस तरीके से हाल के दिनों में केंद्र सरकार के फैसले के विरोध उससे कई अटकलें का दौर शुरू हो गया है। तरह-तरह के सियासी कयास लगाया जा रहे हैं। हालांकि चिराग पासवान ने अब अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुझे को कोई अलग नहीं कर सकता है। चिराग पासवान स्पष्ट किया कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कभी अलग हो ही नहीं सकते, क्योंकि 'मेरा यह समर्पण मेरे प्रधानमंत्री जी के प्रति है। उन्होंने कहा कि जब मैं राजग का हिस्सा नहीं भी था तब भी मैं भाजपा और प्रधानमंत्री जी के विरोध में नहीं था। आज साथ में रहकर विरोध करने की सोच मेरी जेहन में कहीं से नहीं आ सकती है।

उत्तर प्रदेश में लाल टोपी को लेकर घमासान हुआ तेज,सीएम योगी के बयान पर भड़के – अखिलेश

संवाददाता

लखनऊ समाजवादी पार्टी की ओर से खुद अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सदमा लग जाता है तो लोग भी कुछ कहते हैं। लाल रंग को समझना होगा। यह लाल रंग क्रांति का है, मेल-मिलाप का है। उत्तर प्रदेश की सियासत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के बीच बर पलटवार का दौर लगातार जारी रहता है। हाल में ही योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा था कि लाल रंग की टोपी पहनने वालों के काले कारनामे सभी को पता है। सपा

पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि श्लाल टोपीश वाले लोग श्काले कारनामोंश के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा था कि योगी ने कहा कि आज विकास और सुशासन का क्या मॉडल होना चाहिए, कानून-व्यवस्था कैसी होनी चाहिए, यह उत्तर प्रदेश तय करता है। इसी पर अब समाजवादी पार्टी की ओर से खुद अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब सदमा लग जाता है तो लोग भी कुछ कहते हैं। लाल रंग को समझना होगा। यह लाल रंग क्रांति का है, मेल-मिलाप का है। लाल रंग भाव का है। हमारे मुख्यमंत्री भावनाओं को नहीं समझ सकते हैं। ये टोपी उन लोगों के काम भी आ सकती है जो गंजे हों। उन्होंने कहा कि हमारा लाल रंग खुशी, त्यौहार का है... आखिर इस रंग से नाराजगी क्या है? योगी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि वे हार के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं इसलिए उन्हें हर जगह लाल रंग दिखाई दे रहा है। यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि रंग अच्छा बुरा नहीं होता, नजरिया अच्छा बुरा होता है।

जयशंकर ने चीन को क्यों बता दिया दोहरी पहेली ? उदाहरण देकर बताया पूरा मामला

एजेंसी।

नई दिल्ली मंत्री ने कहा कि कार्रवाई के परिणाम होते हैं और जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, मुझे लगता है कि (अनुच्छेद) 370 खत्म हो गया है। इसलिए आज मुद्दा यह है कि हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्ते पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कहना चाहता हूं वह यह है कि हम निष्क्रिय नहीं हैं, और चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक दिशा लेती हों, हम किसी भी तरह से प्रतिक्रिया देंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग खत्म हो गया है, साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दुनिया का कोई भी देश निकटता की प्रकृति के कारण अपने पड़ोसियों के साथ चुनौतियों से मुक्त नहीं है, जो अवसर और जटिलताएं दोनों लाता है। राजदूत राजीव सीकरी की पुस्तक स्ट्रैटजिक कॉनड्रम्स रीशेपिंग इंडियाज फॉरेन पॉलिसी के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए, जयशंकर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा खत्म करना अंतिम फैसला था।मंत्री ने कहा कि कार्रवाई के परिणाम होते हैं और जहां तक घ्ध्जम्मू-कश्मीर का सवाल है, मुझे लगता है कि (अनुच्छेद) 370 खत्म हो गया है। इसलिए आज मुद्दा यह है कि हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्ते पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कहना चाहता हूं वह यह है कि हम निष्क्रिय नहीं हैं, और चाहे घटनाएं सकारात्मक या नकारात्मक दिशा लेती हों, हम किसी भी तरह से प्रतिक्रिया देंगे।बांग्लादेश के साथ संबंधों पर जिसमें छात्रों के नेतृत्व में विद्रोह हुआ और बाद में प्रधान मंत्री शेख हसीना को हटा दिया गया। जयशंकर ने देश के रणनीतिक महत्व को स्वीकार किया। चीन के मामले में पके सामने दोहरी पहेली है, क्योंकि यह एक पड़ोसी और एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने कहाक कि इसलिए, चीन के साथ चुनौतियां इस दोहरी परिभाषा में फिट बैठती हैं। जयशंकर ने म्यांमार, श्रीलंका और मालदीव के साथ संबंधों की जटिलताओं पर भी चर्चा की और बताया कि हालांकि इन रिश्तों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, लेकिन ये क्षेत्रीय स्थिरता और सहयोग के लिए महत्वपूर्ण हैं।

देश के इतिहास में हुआ पहली बार, रेलवे बोर्ड के पहले दलित सीइओ बने सतीश कुमार, जानें इनके बारे में

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस), सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक), रेलवे बोर्ड सतीश कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस) के अधिकारी सतीश कुमार को रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि वह इस पद के लिए चुने जाने वाले अनुसूचित जाति या दलित समुदाय से पहले व्यक्ति बन गए हैं। कुमार का कार्यकाल 1 सितंबर से शुरू होने वाला है, जब वह बोर्ड की मौजूदा अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा की जगह लेंगे, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होंगी।कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के एक आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (आईआरएमएस), सदस्य (ट्रैक्शन एंड रोलिंग स्टॉक), रेलवे बोर्ड सतीश कुमार की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। कौन हैं सतीश कुमार?भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसएमई) के 1986 बैच के एक उल्लेखनीय अधिकारी, कुमार ने 34 वर्षों से अधिक के प्रतिष्ठित करियर में भारतीय रेलवे में उल्लेखनीय योगदान दिया है, जैसा कि रेलवे बोर्ड ने स्वीकार किया है। एक अधिकारी के हवाले से कहा, ष्8 नवंबर, 2022 को उन्होंने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला, जो उनकी सार्वजनिक सेवा की यात्रा में एक और मील का पत्थर है।उन्होंने कहा कि उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि उनकी व्यावसायिक उपलब्धियों जितनी ही प्रभावशाली हैय उन्होंने प्रतिष्ठित मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की है, और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से ऑपरेशन मैनेजमेंट और साइबर लॉ में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के साथ अपने ज्ञान को और बढ़ाया है।

हिमंता बिस्वा सरमा को नहीं चाहिए मुस्लिम वोट! हिंदुत्व की राह पर तेजी से लगा रहे दौड़

एजेंसी।

असम मुसलमानों के खिलाफ लगातार उनके बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं।लोकसभा चुनाव के बाद से देखें तो भाजपा शासित राज्यों के तीन मुख्यमंत्री एक बार फिर से हिंदुत्व को लेकर काफी एग्रेसिव दिखाई दे रहे हैं। एक हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वहीं दूसरे हैं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव। इसके अलावा अक्सर सुर्खियों में रहने वाले हिमंता बिस्वा सरमा भी लगातार हिंदुत्व की पिच पर तेजी से दौड़ रहे हैं। हाल के दिनों में हिमंता बिस्वा सरमा के बयान और काम कुछ ऐसे ही रहे हैं जिससे साफ तौर पर यह लगता है कि वह कहीं ना कहीं आक्रामक हिंदुत्व की राह पर उतर चुके हैं। हालांकि हिमंता बिस्वा सरमा के लिए हिंदुत्व का पोस्टर बॉय बनने का धुन आज से नहीं है। भाजपा में शामिल होने के साथ ही उन्होंने हार्डकोर हिंदुत्व की राह पकड़ ली थी। मुसलमानों के खिलाफ लगातार उनके बयान, इसके साथ ही चाइल्ड मैरिज के नाम पर मुस्लिम शादियों में रुकावट डालने तथा जुम्मे की नमाज को लेकर जो फैसले हुए हैं, उसे साफ तौर पर पता चलता है कि हिमंता हिंदुत्व की राह पर तेजी से दौड़ रहे हैं। आज ही असम विधानसभा मुस्लिम विधायकों को शुक्रवार को नमाज अदा करने



के लिए दिए जाने वाले दो घंटे के अवकाश को खत्म करेगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया कि 2 घंटे की जुम्मा छुट्टी को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ के एक और अवशेष को हटा दिया है। उन्होंने आगे लिखा कि यह प्रथा 1937 में मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला द्वारा शुरू की गई थी। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों को मेरा आभार।हिमंता बिस्वा सरमा ने बृहस्पतिवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए दावा किया कि उनमें ''मूलतरू राज्य के निवासी हिंदू विधायकों'' को विधानसभा में अपनी बात नहीं रखने देने की प्रवृत्ति विकसित हो गई है। असम भूमि एवं राजस्व विनियमन (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान, शर्मा ने अपनी पार्टी के विधायक भुवन पेगू के भाषण को बाधित करने के लिए भी विपक्षी सदस्यों की कड़ी आलोचना की। शर्मा ने पेगू का बचाव करते हुए कहा, मूलतरू राज्य के निवासी हिंदू विधायकों को सदन में नहीं बोलने देने की एक नयी प्रवृत्ति उत्पन्न हो गई है। यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है। कृपया इतने आक्रामक न हों। हमारी जमीन के बाद अब विधानसभा पर कब्जा करने की कोशिश न करें। पेगू तत्कालीन पूर्वी बंगाल से असम में लोगों के कथित प्रवासन और आक्रामकता के बारे में पुराने विधानसभा रिकॉर्ड का उल्लेख करते हुए एक बयान दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, आप हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर बात करना बंद नहीं कर सकते। ये जीवन की कठोर वास्तविकताएं हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि वह पक्षपात करेंगे और 'मियां' मुसलमानों को असम पर कब्जा नहीं करने देंगे। शर्मा नागांव में 14 साल की एक बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या की घटना की पृष्ठभूमि में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर विपक्षी दलों के कार्य स्थगन प्रस्ताव के संबंध में विधानसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित रखा जाता तो अपराध की दर नहीं बढ़ती। शर्मा ने कहा, ''बलात्कार का एक भी मामला स्वीकार्य नहीं है। फिर भी यदि पिछले कुछ साल में बलात्कार के मामलों की संख्या के साथ जनसंख्या वृद्धि पर ध्यान दिया जाए तो अपराध दर कम हो गई है। पिछले 10 साल में बहुत सुधार हुआ है।'' जब विपक्षी विधायकों ने अपनी आवाज उठाई, तो मुख्यमंत्री ने सवाल किया, ''जब हम अल्पसंख्यकों के बारे में बात करते हैं तो आप नाराज क्यों होते हैं? क्या कांग्रेस ने यह घोषित कर दिया है कि उसे बहुसंख्यक समुदाय की जरूरत नहीं है?'' शर्मा ने कांग्रेस और एआईयूडीएफ विधायकों पर निशाना साधते हुए कहा, ''आपके बीच अल्पसंख्यक वोटों के लिए प्रतिस्पर्धा है, मैं इस दौड़ में नहीं हूं।'' जब विपक्ष ने उन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया, तो शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा, ''मैं पक्षपात करुंगा। आप क्या कर सकते है ?''असम विधानसभा ने मुस्लिमों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण संबंधी एक विधेयक को बृहस्पतिवार को पारित किया। असम मुस्लिम विवाह एवं तलाक अनिवार्य पंजीकरण विधेयक, 2024 राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जोगेन मोहन ने मंगलवार को पेश किया था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सवालों का उत्तर देते हुए कहा कि काजियों द्वारा किए गए सभी पूर्व पंजीकरण वैध रहेंगे और केवल नये विवाह ही कानून के दायरे में आएंगे। उन्होंने कहा, हम मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत इस्लामी रीति-रिवाजों से होने वाली शादियों में बिल्कुल भी हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं। हमारी एकमात्र शर्त यह है कि इस्लाम द्वारा निषिद्ध शादियों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि इस नये कानून के लागू होने से बाल विवाह पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी।

मुसलमानों की बीजेपी को वोट देने में कंजूसी नाजायज: मुख्तार अब्बास नकवी

नई दिल्ली

नकवी ने यह विचार लखनऊ में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में व्यक्त किये। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा अन्य जातियों के साथ ही मुस्लिमों को भी पार्टी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। लखनऊ। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुसलमानों से भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की है। उन्होंने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सामंती सुल्तानों के तथाकथित सिंडिकेट के दुष्प्रचार से पैदा भय-भ्रम के चलते एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अस्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को बदलना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है। नकवी ने यह विचार लखनऊ में अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में व्यक्त किये। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान भाजपा अन्य जातियों के साथ ही मुस्लिमों को भी पार्टी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। पार्टी ने तय किया है कि 5 लाख मुसलमानों को सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान को लेकर गत दिवस भाजपा के प्रदेश मुख्यालय के साथ ही अलग-अलग स्थानों पर अल्पसंख्यक मोर्चा और किसान मोर्चा ने भी बैठक करके अभियान की रणनीति पर चर्चा की। लखनऊ में गांधी भवन में आयोजित अल्पख्यक मोर्चा की कार्यशाला में पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भी संबोधित किया। उन्होंने मुसलमानों से खासकर भाजपा से नफरत करने की सोच को बदलने की अपील की। इसके साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए नकवी ने कहा कि सामंती सुल्तानों के तथाकथित सिंडिकेट के दुष्प्रचार से पैदा भय.भ्रम के चलते एक राष्ट्रवादी राजनैतिक दल के साथ अश्पृश्यता और असहिष्णुता के रवैये को बदलना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा किसी के विकास में कमी नहीं करती तो उसे वोट देने में कंजूसी करना नाजायज है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक समाज को सावधान रहने की सलाह देते हुए कहा कि कुछ सियासी सामंती सूबेदार संविधान, लोकतंत्र, सेक्यूलरिज्म और अल्पसंख्यकों पर खतरे के भय-भ्रम और भौकाल से देश के अल्पसंख्यकों को प्रगति की धारा से अलग करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि सेक्युलर सिंडिकेट मुसलमानों के वोटों को अपनी जागीर समझ बैठा है। हमें सोशल नेटवर्किंग साइट्स के सांप्रदायिक, समाज तोड़ने वाले दुष्प्रचार से भी सचेत रहना होगा।

संचारी रोगों की रोकथाम के प्रत्येक वार्ड में मिलेंगे पांच कर्मचारी

कार्यदायी संस्था को स्वीपिंग का कार्य देने का पार्षदों ने किया विरोध

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी के नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को वर्ष 202 -25 की व्यवस्थाओं को लेकर सदन में पहली बैठक त्रिलोकी नाथ हाल में शुरू हुई और सदन की बैठक की शुरूआत में ही विपक्षी दल के पार्षदों ने सफाई व्यवस्था के ध्वस्त होने को लेकर जमकर हंगमा काटा। इस दौरान कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्यों में की जा रही लापरवाही को लेकर संस्था को आगे काम न देने की मांग की गई।शुक्रवार सुबह 11 बजे सदन की अध्यक्ष महापौर सुषमा खर्कवाल ,नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सदन की बैठक शुरू हुई। जिसमें समस्त वार्डों के पार्षद और जोनल अफसर मौजूद रहे। सदन की बैठक में सफाई व्यवस्था को लेकर सभी पार्षदों ने यह विरोध करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाएं जमीनी स्तर पर सुचारू रूप से काम नहीं करती हैं जिसको लेकर नगर निगम द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। सड़कों पर अवैध अतिक्रमण पर नगर निगम कोई खास कार्रवाई नहीं करता है। कहना था कि पहले पुराने सदन के मुद्दे की पुष्टि होनी चाहिए जो मुद्दे चर्चाओं में आये थे। उन पर क्या कार्रवाई हुई इस पर बात होती है उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाए। हंगामे के बाद मेयर ने मांगो को स्वीकार कर लिया।छह बार के पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने इस दौरान पार्षदों के लिए अलग से बजट और नगर निगम की बिल्डिंग में पार्षद निधि की राशि को न लगाने की मांग की। इस दौरान अपनी मांगों को लेकर कांग्रेस की पार्षद ममता चौधरी ने आरोप लगाया कि विपक्ष के लोग उन्हें बोलने नहीं दे रहे है। भाजपा के पुरुष पार्षद अभद्रता कर रहे हैं। वही समाजवादी पार्टी की महिला पार्षद ने कहा कि अमीनाबाद और गुरु नानक मार्केट में अतिक्रमण और वहां अलॉटमेंट हुई दुकानों के मुद्दा भी उठाया गया। जिन आवंटियों को दुकानें दी जाती है। उनकी जगह पर कोई और वहां दुकान चला रहा है।सारे बाजारों की स्थिति यही है।

लखनऊ-मेरठ के बीच दौड़ेगी वंदे भारत

पीएम मोदी आज नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखायेंग

लखनऊ-मेरठ के बीच दौड़ेगी वंदे भारत

लखनऊ(आरएनएस)। लखनऊ से मेरठ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन एक सितंबर से यात्रियों के लिए नियमित रूप से शुरू कर दिया जाएगा जिसको पीएम मोदी शनिवार को नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखायेंगे। लखनऊ से मेरठ सिटी के मध्य 458 किलो मीटर की दूरी को यह ट्रेन 7 घंटे 10 मिनट मे तय करेगी। लखनऊ से चलने के बाद यह ट्रेन बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी। यात्री इस ट्रेन मे सीटों की बुकिंग ऑनलाइन व रेलवे आरक्षण केंद्र से कर सकते है।उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर ने बताया कि यह ट्रेन मंगलवार छोड़ हफ्ते के सभी दिन लखनऊ-मेरठ-लखनऊ के बीच चलेगी। इस ट्रेन में चेयर कार व एक्जीक्यूटिव श्रेणी के कोच रहेंगे। जिसमें एक्जीक्यूटिव क्लास के कोच में 52 यात्री बैठ सकते हैं। चेयर कार कोच में प्रति कोच 78 यात्री बैठ सकते हैं चेयर कार मे लखनऊ से मेरठ सिटी तक की यात्रा हेतु प्रति व्यक्ति रु.1300 और एक्जीक्यूटिव क्लास की यात्रा को प्रति व्यक्ति रु. 2365 निर्धारित किया गया है।

एकनाथ शिंदे के मंत्री का विवादित बयान, बोले- अजित पवार

एजेंसी।

महाराष्ट शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने कहा कि वह जीवन भर राकांपा से कभी सहमत नहीं हुए। उन्होंने एनसीपी के साथ अपने रिश्ते की तुलना उनकी गोद में बैठने लेकिन उठते ही उल्टी महसूस होने से की। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के एक नेता ने कहा कि उनकी पार्टी की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से निकटता के कारण उन्हें उल्टियां होने लगीं और उन्होंने इसे एलर्जी प्रतिक्रिया बताया। शिवसेना नेता तानाजी सावंत ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया जब उन्होंने कहा कि वह जीवन भर राकांपा से कभी सहमत नहीं हुए। उन्होंने एनसीपी के साथ अपने रिश्ते की तुलना ष्उनकी गोद में बैठने लेकिन उठते ही उल्टी महसूस होनेष से की। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, तानाजी सावंत ने कहा था, ष्मैं शिवसैनिक हूं। यह सच है कि अपने जीवन में हमारी कभी भी कांग्रेस या राकांपा से नहीं बनी। यह एक एलर्जी प्रतिक्रिया की तरह है, जहां मात्र उपस्थिति ही असुविधा और मतली का कारण बनती है। विचारधाराएं बिल्कुल अलग हैं, इसलिए उनसे सहमत होना संभव नहीं है।

बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए प्रयास करे भारत

लखनऊ(आरएनएस)। संस्कृति पुनरुत्थान समिति व राष्ट्रधर्म प्रकाशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रधर्म कार्यालय में बांग्लादेशरू वर्तमान समस्या और समाधान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रधर्म के प्रभारी निदेशक सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ने ही बांग्लादेश को बनने दिया है।इसलिए बांग्लादेश में अगर लोकतंत्र की बहाली के लिए भारत को सैन्य कार्रवाई भी करनी पड़े तो करना चाहिए। सर्वेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि विदेशों से हमारा संबंध ठीक रहे और पड़ोसी देशों में शांति स्थापित हो, इसका प्रयास भारत सरकार को करना चाहिए। भारत निरंतर मजबूत हो रहा है। यह दुनिया के अन्य देशों को खल रहा है। कुंवर आजम खां ने कहा कि पाकिस्तान को बांग्लादेश की आजादी खटक रही है।बांग्लादेश में पाक की साजिश कामयाब हुई। बांग्लादेश में तख्तापलट करने के लिए पाकिस्तान व चीन ने मिलकर साजिश रची। इस मुद्दे पर भारत सरकार को गहरी नजर रखनी चाहिए। इस कठिन दौर में भारत को बांग्लादेश का साथ नहीं छोड़ना चाहिए और लोकतंत्र की बहाली के लिए प्रयास करना चाहिए।वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया और भारत सरकार को खबर नहीं हुई।इसका मतलब भारत की खुफिया एजेंसी इस मुद्दे पर फेल साबित हुई है। अगर इसकी खबर भारत सरकार को पहले से थी तो भारत सरकार ने इसके लिए क्या कदम उठाये।विषय प्रस्तावना रखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के डॉक्टर सौरभ मालवीय ने कहा कि बांग्लादेश आंतरिक संघर्षों से जूझ रहा है। गरीबी, बेरोजगारी, कटटपंथी, चरमपंथियों का आतंक पूरे मुल्क में व्याप्त है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों के साथ हमारा संबंध ठीक होना चाहिए।इस बात का खास ध्यान रखते हुए भारत सरकार के नीतिगत फैसलों में पूरे देश को मिलकर साथ देने का समय है। ताकि वहां के हिन्दुओं की चिंता भारत कर सके।बाबूलाल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में भारत के पड़ोसी देशों में स्थिति चिंताजनक है। इसके अलावा गोष्ठी को प्रान्त सामाजिक सदभाव प्रमुख राजेन्द्र, डॉ. सत्येन्द्र त्रिपाठी, के. सी. जैन, मृत्युंजय दीक्षित आदि ने संबोधित किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की क्षेत्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. हरमेश सिंह चौहान ने की।

सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर–अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस) समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। जमीनों की खरीद–बिक्री में भारी हेरफेर हो रहा है। अयोध्या में भाजपाइयों ने सस्ते में अपनों को जमींने खरीदवायी और जब बेचकर निकलने का समय आया तो भाजपा सरकार ने सर्किल रेट बढ़ाने का प्रबंध कर दिया। अयोध्या की भूमि भाजपाई सौदेबाजी और मुनाफाखोरी की शिकार हुई है। अयोध्या की जनता तो पहले ही जान गयी थी कि भाजपा का अयोध्या से भावात्मक–भावनात्मक लगाव नहीं बल्कि 'भू–नात्मक' व 'मुनाफात्मक' लोभ है।भाजपाई लालच ने जब अयोध्या को नहीं छोड़ा तो बाकी देश का क्या हाल कर रहे होंगे, ये कहने की बात नहीं। भाजपा सरकार में हर तरफ लूट मची है। अयोध्या में जमींनों के खरीद और बिक्री में बड़े पैमाने पर हुई लूट खसोट सबके सामने आ चुकी है। भाजपाई स्वयं स्वीकार करते हैं कि इस सरकार जैसा भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं हुआ है।अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में गरीब और किसान जब सर्किल रेट बढ़ाकर मुआवजे की मांग कर रहे थे, तब सरकार ने सर्किल रेट और मुआवजा नहीं बढ़ाया लेकिन जब भाजपा के लोगों, कारोबारियों ने जमींने सस्ते में खरीद ली तब उन्हें ज्यादा मुनाफा दिलाने के लिए सरकार ने सर्किल रेट बढ़ा दिया। भाजपा सरकार गरीब, किसान विरोधी है।श्री यादव ने कहा कि एक तरफ जहां जमींनों की खरीद बिक्री में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हो रही है वहीं बजट का भी जमकर बंदरबांट हो रहा है। हर विभाग में सरकारी धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। भाजपा सरकार में थाने से लेकर तहसील, आरटीओ आफिस तक भ्रष्टाचार के अड्डे बन गये हैं। हर तरफ दलाली हो रही है। आम जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। गरीब जनता लुट रही हैं।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता आने वाले चुनाव में इसका करारा जवाब देगी। जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके काले कारनामों का हिसाब चुकता करेगी।

नाथ नगरी बरेली के मंदिर समूहों में श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधायें मुहैया कराने के लिए 75 करोड़ रूपये से विभिन्न कार्य कराये जायेंगे–जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस) नाथ नगरी के नाम से विख्यात बरेली में श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए पर्यटन विभाग के द्वारा 75 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न कार्य कराए जाएंगे। इसमें सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाएं शामिल होंगी। इस कार्य के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि यहां आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक पर्यटकों ने यहां के विश्व प्रसिद्ध धार्मिक–आध्यात्मिक, ईको सहित अन्य स्थलों का भ्रमण किया था। पर्यटकों के लिए पर्यटन के अन्य आयाम धार्मिक–आध्यात्मिक, रूरल, एग्री, वाटर स्पोर्ट आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूरे प्रदेश में अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधायें सृजित कर रही है।जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग नाथ कॉरिडोर में 75 करोड़ रुपए से मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर व तुलसी मठ के परिसर में पर्यटक सुविधाएं मल्टीपर्पज हॉल, पेयजल सुविधा, बेंचेज, फसाड लाइटिंग, शौचालय सहित अन्य कार्य कराए जाएंगे। इसके अलावा कांवड़ आश्रय स्थलों पर विश्रामालय, शौचालय और पेयजल सुविधा विकसित की जाएगी। नाथ मंदिरों के प्रमुख मार्गों पर साइनेज, होर्डिंग आदि लगाई जाएगी।पर्यटन मंत्री ने बताया कि बरेली, नाथ नगरी के नाम से जानी जाती है। यहां हर दिशा में भगवान भोलेनाथ के मंदिर हैं। मान्यता है कि ये सभी शिवलिंग स्वयंभू प्रकट हुए हैं। सावन के महीने में मंदिरों में लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। मढ़ीनाथ, तपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, त्रिवटी नाथ, वनखंडी नाथ मंदिर आदि मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017 के बाद कोरोना कालखंड को छोड़कर उ0प्र0 में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसमें कनेक्टिविटी एवं बेहतर कानून व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान है।

डी फार्मा धारी बनेंगे अब भारत सरकार में फार्मासिस्ट

लखनऊ(आरएनएस)। चिकित्सा ,स्वास्थ्य क्षेत्र में फार्मासिस्ट की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है,अब आवश्यकता है कि उच्च योग्यता को आधार बनाकर स्वास्थ्य को बेहतर किया जाए। साथ ही ओपीडी के साथ इंडोर भर्ती मरीजों में भी फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये बातें सुनील यादव ने कही।उत्तर प्रदेश स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन और फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य योजना में नई भर्ती नियमावली बनाई गई है, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नियमावली दिनांक 24 जून 2024 को भारत के राजपत्र साप्ताहिक 11– 17 अगस्त अंक में अधिसूचित किया गया है। यादव ने बताया कि पूर्व की भर्ती नियमावली के अनुरूप फार्मेसिस्ट भर्ती केलिए न्यूनतम योग्यता डिप्लोमा इन फार्मेसी और दो वर्ष का अनुभव या बैचलर इन फार्मेसी निर्धारित थी। केंद्र सरकार द्वारा योग्यता में वृद्धि करते हुए नई नियमावली बनाई जिसमे डॉक्टर ऑफ फार्मेसी (फार्म डी), और बैचलर फार्मेसी को न्यूनतम योग्यता बनाया गया। ज्ञात हो कि डॉक्टर ऑफ फार्मेसी छः वर्षीय उच्च फार्मेसी शिक्षा है, जो भारत में फार्म डी विनिमय वर्ष 2008 द्वारा संचालित की गई है।यादव ने कहा फार्मासिस्ट फेडरेशन ने केंद्र सरकार द्वारा श सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम फार्मेसिस्ट (एलोपैथिक) रिक्रूटमेंट रूल 2024श अधिसूचित कर फार्मेसिस्ट के पद पर नियुक्ति केलिए न्यूनतम योग्यता में बदलाव कर बैचलर फार्मेसी के साथ डॉक्टर ऑफ फार्मेसी (फार्म डी) को सम्मिलित किए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार द्वारा क्लिनिकल फार्मेसी, फार्माकोविजिलेंस , फार्माकोथेरेपी प्रबंधन, औषधि और औषधीय सामग्री का प्रबंधन, प्रोक्यूरमेंट, वितरण, भंडारण, मरीजों की काउंसलिंग के साथ ही स्वास्थ्य सुरक्षा, रोगों से बचाव आदि में फार्मेसिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका निर्धारित की गई है। निश्चित ही उच्च योग्यता धारक फार्मेसिस्ट, डॉक्टर ऑफ फार्मेसी की नियुक्ति होने से स्वास्थ्य विभाग में विहंगम परिवर्तन दिखेगा।

ऊर्जा मंत्री ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्ध नगर जिले की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की

गौतमबुद्ध नगरध्लखनऊ(आरएनएस) उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, आगामी गर्मी में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, लोगों को बार–बार की ट्रिपिंग से मुक्ति मिले, इसके लिए विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर तत्परता से कार्य किया जाए। निर्माणाधीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। विद्युत की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को आगामी 04 महीने में दुरुस्त करें। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्धनगर जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, विद्युत आपूर्ति, चल रहे विकास कार्यों की प्रगति आदि की नोएडा में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को विद्युत कटौती का अनावश्यक सामना न करना पड़े, विद्युत कार्यों के लिए शटडाउन एक निश्चित समय पर लिया जाए और लोगों को पूर्व में ही इसकी जानकारी भी दी जाय। उपभोक्ताओं को समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो, उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही हमारे कार्यों का पैमाना है। लोगों को समय से विद्युत कनेक्शन दिया जाए और विद्युत बिल समय से उपलब्ध कराया जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लो–वोल्टेज, ओवरलोडिंग आदि की समस्या है, वहां पर ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के साथ ही, इन क्षेत्रों में विद्युत चोरी की आशंका के दृष्टिकोण अभियान भी चलाया जाए, जिससे कि विद्युत व्यवधान के साथ हो रही राजस्व की क्षति को भी रोका जा सके। उन्होंने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा बड़े बकाएदारों से बकाया वसूलने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी व उन्नाव में फ्लिपकार्ट कम्पनी के 02 वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया

प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश के अभियान को तीव्र गति से आगे बढ़ा रही – मुख्यमंत्री

लखनऊ(आरएनएस) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां लोक भवन में जनपद वाराणसी व उन्नाव में फ्लिपकार्ट कम्पनी के 02 वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।मुख्यमंत्री ने फ्लिपकार्ट ग्रुप को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार औद्योगिक निवेश के अभियान को तीव्र गति से आगे बढ़ा रही है। राज्य में लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउस व एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र में अपार सम्भावनाएं विद्यमान हैं। फ्लिपकार्ट कम्पनी ने देश की अध्यात्मिक राजधानी वाराणसी व जनपद उन्नाव में एक–एक अत्याधुनिक वेयरहाउस स्थापित किये हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश में नये रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ीं हैं तथा उद्यमियों के मन में विश्वास पैदा हुआ है कि उनके उत्पादों को एक अच्छा मार्केट मिलेगा। लोगों को रोजगार के साथ–साथ उचित रेट में सामान प्राप्त होंगे। प्रदेश सरकार राज्य में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल तैयार करने में सफल हुई है। फ्लिपकार्ट कम्पनी ने राज्य सरकार के साथ एम0ओ0यू0 करके व प्रदेश सरकार की नीतियों का लाभ लेते हुए एम0एस0एम0ई0 उत्पादों को मार्केट उपलब्ध कराने का सराहनीय कार्य किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एम0एस0एम0ई0 का बेस विगत सैकड़ों वर्षों से है। लेकिन समय के अनुरूप तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग तथा समाज और मार्केट की मैपिंग किये बगैर और ठोस कार्ययोजना न बनाये जाने से एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र विगत 03–04 दशकों से दम तोड़ रहा था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने एम0एस0एम0ई0 क्षेत्र की मैपिंग करके एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजना शुरू की। इस योजना के माध्यम से राज्य के स्थानीय पारम्परिक उद्योग तथा विशिष्ट उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को तकनीक, ट्रेनिंग, डिजाइन, मार्केटिंग व पैकेजिंग से जोड़ा है। परिणामस्वरूप ओ0डी0ओ0पी0 का एक्सपोर्ट भी बढ़ा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि ओ0डी0ओ0पी0 योजना से ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट के जुड़ने से यह योजना देश व दुनिया में लोकप्रिय हुई। ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से एक नये युग का सूत्रपात हुआ है। ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से हर उद्यमी अपने उत्पादों को दुनिया के किसी भी मार्केट में पहुंचाने में सफल हो सकता है। एम0एस0एम0ई0 विभाग के साथ फ्लिपकार्ट का एम0ओ0यू0 सम्पन्न हुआ था। फ्लिपकार्ट एम0एस0एम0ई0 उत्पादों को सफलतापूर्वक मार्केट उपलब्ध करा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सर्वाधिक एम0एस0एम0ई0 इकाइयों वाला राज्य है। राज्य में लगभग 96 लाख एम0एस0एम0ई0 इकाइयां हैं। उत्तर प्रदेश पहला राज्य है, जो अपने यहां एम0एस0एम0ई0 उद्यमियों को 05 लाख रुपये के बीमा कवर की सुविधा प्रदान कर रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसके अन्तर्गत 10 लाख नई एम0एस0एम0ई0 इकाइयां लगायी जाएंगी। फ्लिपकार्ट इन इकाइयों के उत्पादों को मार्केट तक पहुंचाने का कार्य करेगा।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 03 महिला उद्यमियों से संवाद किया। उन्होंने चिकनकारी कार्य से जुड़ी सेल्फ इम्प्लॉइड वुमेन एसोसिएशन (सेवा) की श्रीमती राधिका राय, जूट बैग और ज्वैलरी से जुड़ी जूट आर्टिसन गिल्ड एसोसिएशन की श्रीमती अंजलि सिंह तथा हैण्डमेड ज्वैलरी व होम डेकोर से जुड़ी श्रीमती शिवाली वर्मा के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि फ्लिपकार्ट के माध्यम से यह महिला उद्यमीध्विक्रेता अपने उत्पादों को लोगों तक पहुंचा रही हैं। इससे हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही हैं।इस अवसर पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी', एम0एस0एम0ई0 मंत्री राकेश सचान, औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवन्त सिंह सैनी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव एम0एस0एम0ई0 आलोक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा फ्लिपकार्ट ग्रुप के पदाधिकारी रजनीश कुमार एवं तुषार मुखर्जी उपस्थित थे।

भारत यात्रा को लेकर मायावती ने दी प्रतिक्रिया

लखनऊ(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के श्भारत डोजो यात्राश को लेकर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पेट भरे लोगों को दोजा व अन्य खेलकूद के महत्व से इंकार नहीं है। लेकिन गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई व पिछड़ेपन आदि के त्रस्त परिवारों का क्या, जो पेट पालने के लिए कमरतोड़ मेहनत को मजबूर हैं। ऐसे में उन परिवारों के लिए श्भारत डोजो यात्राश किसी उपहास से कम नहीं है।मायावती ने कहा कि केन्द्र व राज्य की सरकारें गरीबों और व मेहनतकश लोगों को सम्मानपूर्वक रोटी–रोजी की व्यवस्था कर पाने में अपनी विफलता पर पर्दा डालने के लिए उनसे भूखे पेट भजन कराते रहना चाहती है। ऐसे में कांग्रेस का भी वैसा ही जनविरोधी रवैया जनता को कैसे गवारा संभव है ?बसपा प्रमुख ने कहा कि कांग्रेस एवं इनके इण्डी गठबंधन ने आरक्षण व संविधान बचाने के नाम पर एससी, एसटी व ओबीसी का वोट लेकर अपनी ताकत तो बढ़ा ली है।अपना वक्त निकल जाने पर उनके भूख व तड़प को भुलाकर उनके प्रति यह क्रूर रवैया अपनाना क्या उचित है। खेल का राजनीतिकरण हानिकारक जो अब और नहीं।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने गुरुवार को मार्शल आर्ट से संबंधित एक वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि जल्द ही 'भारत डोजो यात्रा' शुरू हो रही है। इसी को लेकर मायावती ने अपनी टिप्पणी की है।

लोहिया संस्थान में राष्ट्रीय नेत्रदान सप्ताह आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। भारत में हर साल 25 अगस्त से 8 सितंबर तक राष्ट्रीय नेत्रदान सप्ताह मनाया जाता है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र विज्ञान विभाग ने शुक्रवार को ष बच्चे की आंखों के रहस्यों को समझनाष शीर्षक से सीएमई का आयोजन किया गया।संस्थान के निदेशक डॉ. सी.एम. सिंह मुख्य अतिथि थे। डॉ. सी.एम. सिंह ने सर्वप्रथम विभाग को सीएमई आयोजित करने और विभाग द्वारा हाल ही में की गई रेटीनो ब्लास्टोमा की इंट्रा अर्टिरियल कीमोथेरेपी करने केलिए भी बधाई दी। पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम रेटीनो ब्लास्टोमा की इंट्रा अर्टिरियल कीमोथेरेपी करने वाला लोहिया संस्थान पहला सरकारी सेंटर है। उन्होंने कहा कि वह नेत्र विभाग की तकनीकी सुविधा बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं ताकि अधिक से अधिक विशेषकर वंचित बच्चों को नवीनतम तकनीकों का लाभ मिल सके। उन्होने बाल चिकित्सा नेत्र देखभाल स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा डॉ. प्रद्युम्न सिंह डीन, डॉ. आरएमएल आईएमएस और डॉ. विक्रम सिंह, एमएस, डॉ. आरएमएलआईएमएस आयोजन टीम को प्रोत्साहित करने के लिए उपस्थित थे। सीएमई का मुख्य फोकस था बाल चिकित्सा नेत्र विज्ञान पर सहयोगात्मक संवाद को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना, प्रतिदिन सामने आने वाले सामान्य बाल चिकित्सा मामलों, निदान के तौर–तरीकों और वर्तमान प्रबंधन प्रथाओं के बारे में चिकित्सकों और निवासियों के बीच जागरूकता पैदा करना, कॉर्निया अंधापन, कॉर्निया दान और नेत्र बैंकिंग पर ज्ञान इकट्ठा करना और उसका प्रसार करना।केजीएमयू से नेत्र विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. अरुण शर्मा कॉर्निया प्रत्यारोपण के विभिन्न तकनीकों पर प्रकाश डाला। एरा मेडिकल कॉलेज से नेत्र विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कॉर्नियल ब्लाइंडनेस की व्यापकता और नेत्र बैंकिंग की जरूरत के बारे में बताया।

भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन –भूपेंद्र चौधरी

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान प्रदेश कार्यशाला शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संपन्न हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। भाजपा के कार्यकर्ता लगातार विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों व अभियानों के माध्यम से जनता के बीच रहते है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि 2014 में सदस्यता अभियान से भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बना और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के परिश्रम से संभव हुआ। हम फिर एक बार सदस्यता अभियान के माध्यम से हर व्यक्ति व हर वर्ग तक पहुंचकर लोगों को भाजपा से जोड़ने का काम करेगें। कार्यशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश महामंत्री श्री गोविन्द नारायण शुक्ल, श्री संजय राय, प्रदेश मंत्री श्री शिवभूषण सिंह उपस्थित रहे। संचालन विभाग एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सदस्यता अभियान को सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही एवं सर्व समावेशी बनाने के लिए केन्द्र के साथ ही प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कल 31 अगस्त को प्रदेश के सभी बूथों पर बैठकें आयोजित कर सदस्यता अभियान की योजना व रचना को बूथ समितियों के साथ ही बूथ पर रहने वाले पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया जाएगा। श्री चौधरी ने कहा कि प्रत्येक विभाग व प्रकोष्ठ को सम्बंधित वर्ग के बीच पहुंचकर उनको भाजपा सदस्य के रूप में जोड़ने का काम करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, व्यापारी, चिकित्सक, अधिवक्ता, साहित्यकार, चित्रकार, सीए, कलाकार, खिलाड़ी, पूर्व सैनिक सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक सदस्यता अभियान के माध्यम से पहुंचने का काम करना है। उन्होंने कहा कि 02 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सदस्यता के साथ ही अभियान प्रारम्भ होगा। प्रत्येक पदाधिकारी को व्यक्तिगत सदस्यता के साथ ही अपने निवास के बूथ की सदस्यता में भी सहभागिता करना है। इसके साथ ही कैंप लगाकर तथा सामूहिक रूप से घर–घर जाकर अपने–अपने विभाग एवं प्रकोष्ठ की सदस्यता के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

आरपीआई ने महिला एवं अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी भंग की'

लखनऊ(आरएनएस)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले), उत्तर प्रदेश ने महिला मोर्चा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर दिया। नए लक्ष्यों के साथ नई कार्यकारिणी का गठन जल्द होगा।आरपीआई (आठवले) के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, उत्तर प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने में लगी है। इसलिए ऐसे पदाधिकारियों को चिन्हित कर हटाने का काम किया जा रहा है, जिनकी पार्टी को बढ़ाने में सक्रियता नहीं है। इसलिए महिला मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा की कार्यकारिणी को भंग कर पुनर्गठन किया जाएगा।

वर्ष 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की

पी0सी0एस0 अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़, कानून–व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिकारू मुख्यमंत्री

लखनऊ(आरएनएस) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां लोक भवन में प्रान्तीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2022 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पी0सी0एस0 अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून–व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता से संवाद बनाकर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान करें।मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद लोकतंत्र की ताकत है। हमें इस ताकत का इस्तेमाल करना चाहिए। आपकी सबसे बड़ी ताकत ह्यूमन इण्टेलीजेंस है। आपका व्यावहारिक पक्ष अच्छा है, तो जनता की समस्याएं नहीं अटकेंगी। जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद स्थापित करें। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना इत्यादि से संवाद स्थापित कर मेरिट के आधार पर शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण करें। समस्याओं के निस्तारण के प्रति आप सभी को आग्रही बनना होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारीगण अपने कार्यों में नवाचार को बढ़ावा दें। प्रदेश सरकार ने लोगों के समग्र विकास के लिए एक जनपद एक उत्पाद योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना जैसी अनेक योजनाओं तथा ग्राम सचिवालय जैसी व्यवस्था को मॉडल के रूप में विकसित किया है। अधिकारी सेवा भाव के साथ इन कार्यों को आगे बढ़ाएं।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कानून व्यवस्था को बनाए रखने में भी अधिकारियों की प्रभावी भूमिका होती है। कभी–कभी एक छोटी सी घटना भी बड़े विवाद का रूप ले लेती है। प्रारम्भिक चरण में ही संवाद के माध्यम से ऐसे विवादों का निस्तारण किया जा सकता है। भूमि पैमाइश, वरासत, नामान्तरण इत्यादि राजस्व से जुड़े मामलों को लम्बित न रखा जाए। इससे कॉमन मैन प्रभावित होता है। सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि अधिकारीगण अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल, सी0एम0 हेल्पलाइन, तहसील दिवस तथा थाना दिवस की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का अन्तिम मापदण्ड है। जनता से प्राप्त शिकायतों में 90 प्रतिशत शिकायतें थाना और तहसील से सम्बन्धित होती हैं। अपने कार्य क्षेत्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई करें। तहसील दिवस और थाना दिवस पर टीम बनाकर समय–सीमा तय करते हुए कार्यवाही को आगे बढ़ाएं। जो न्याय संगत हो, उसी पर कार्य किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सभी अधिकारीगण उत्तर प्रदेश की जनता की भावनाओं के अनुरूप एक बेहतर और संवेदनशील प्रशासन देने में सफल होंगे।

एलपीएस में हुआ मेगा जाब फेस्ट

लखनऊ (आरएनएस)स लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के फाउंडर चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह (सांसद) के दिशानिर्देशन में गोमती नगर स्थित संस्थान में टेक महिंद्रा की तरफ से मेगा जॉब फेस्ट का आयोजन किया स विश्व में सेवा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टेक महिंद्रा का यह उत्तर प्रदेश में अपनी तरह का पहला आयोजन है, जिसके लिए कंपनी ने लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के साथ अनुबंध किया है स जॉब फेस्ट में टेक महिंद्रा ने 250 के करीब अभ्यर्थियों का चयन किया है स चयनित अभ्यर्थियों को आगे की प्रक्रिया और ट्रेनिंग के लिए कंपनी के नोएडा स्थित ट्रेनिंग सेंटर पर रिपोर्ट करना होगा स कम्पनी ने चयनित अभ्यर्थियों को 2.20–4.50 लाख रुपये वार्षिक का पैकज ऑफर किया है सइस अवसर पर आये अभ्यर्थियों को सांसद डॉ. एसपी सिंह ने इंटरव्यू के लिए शुभकामनाएं दी स उन्होंने कहा कि बदलते हुए समय के साथ हमें अपनी स्किल्स पर ध्यान देना होगा स टेक महिंद्रा के वाइस प्रेसिडेंट प्रत्युष राहुल ने कहा कि कंपनी इस वर्ष 15 हजार के करीब युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी और यह उत्तर प्रदेश का पहला प्लेसमेंट ड्राइव है स कार्यक्रम में एलपीसीपीएस के डीन डॉ. एल.एस. अवस्थी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शनिवार 31 अगस्त 2024
sheelshukla100@gmail.com

प्रेमी ने ही उतारा था प्रेमिका को मौत के घाट

-फोन कर माँ को बताई शव की जगह

गोसाईंगंज–अयोध्या(आरएनएस)। गोसाईंगंज कस्बे के रेलवे स्टेशन के पीछे बने डाकबंगले के खंडहरनुमा कमरे में गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिली युवती की शव के मामले का खुलासा कोतवाली पुलिस ने कर दिया।युवती की हत्या उसके ही प्रेमी ने किया था और शव को डाकबंगले के में बने खंडहरनुमा एक कमरे में छोड़कर फरार हो गया था।प्रेमी ने ही युवती के माँ को फोन कर बताया था कि उसकी बेटी का शव वँहा पड़ा हुआ है जाकर ले लो। एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक युवक की पहचान दीपक कुमार पुत्र लहुरी निवासी देवकली,थाना कूरेभार जनपद सुल्तानपुर के रूप में हुई। जिसे रात के दो बजे मुखबिर की सूचना पर महादेवा मंदिर रोड कस्बा गोसाईगंज से गिरफ्तार किया गया।युवक के पास से मृतका का दो मोबाइल फोन भी बरामद हुआ।कड़ी पूंछताछ में युवक ने हत्या की बात कबूलते हुए बताया कि उसका व सविता का प्रेम प्रसंग तीन साल से चल रहा था।वह मुंबई में नौकरी करता था।पांच माह वह घर से भाग कर उसके साथ मुंबई में भी रह चुकी है।उसके बाद वह बालगोविंद नामक एक अन्य युवक के साथ बातचीत करने लगी।उसने उसका फोन तक उठाना बंद कर दिया,जो उसे नागवार लगा।बीते 21अगस्त को उसने सविता को फोन करके गोसाईंगंज कस्बे में बुलाया और उसे लेकर स्टेशन के पीछे बने डाकबंगले में पहुंचा।जंहा दोनो को तकरार हुई और उसका गला दबाकर हत्या कर शव को वंही छोड़कर भाग गया। गुरुवार को उसी ने उसकी माँ को फोन करके शव वहां होने की बात भी बताई थी।गुरुवार की दोपहर बाद अंबेडकर नगर के अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के कनक पट्टी दशमढे निवासी कमलादेवी ने गोसाईगंज कोतवाली पहुंचकर बताया कि गुरुवार को एक फोन आया किसी ने बताया कि तुम्हारी लड़की की लाश गोसाईगंज स्टेशन के पास पड़ी है। महिला की पुत्री घर से 21अगस्त को इलाज के लिए निकली थी। लेकिन उसकी गुमशुदगी की कोई भी सूचना कहीं दर्ज नही है। पुलिस के घण्टो खोजबीन के बाद डाकबंगले के पुराने खंडहरनुमा कमरे से एक सड़ी लाश बरामद हुई। शव का हाथ और पैर ही बचे है बाकी पेट से सीने तक का हिस्सा बिल्कुल खत्म था,उसमें कपड़ा भरा था सिर का भी पता नही था।बताते चले कि हत्यारोपी विवाहित है और उसके दो बच्चे भी है।विधिक कार्यवाही कर हत्यारोपी का चालान कर जेल भेज दिया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में एसएचओ परशुराम ओझा,एसएसआई वीरेंद्र कुमार राय,एसआई रामचन्दर मौर्य व सिपाही मयंक पाल की भूमिका रही।

निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर डीएम ने लगायी फटकार

अयोध्या।(आरएनएस) जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने शुक्रवार को सरयू नदी के तट पर संचालित परियोजनाओं का निरीक्षण किया।जिलाधिकारी ने सरयू नदी के गोण्डा पुल से लेकर लक्ष्मण किला तक एवं दर्शक दीर्घा परियोजना का निरीक्षण किया गया। कार्य की धीमी प्रगति को लेकर रोष व्यक्त किया गया तथा उनके द्वारा समस्त कार्यो को दीपोत्सव से पूर्व गुणवत्ता पूर्ण ढंग से कार्य को कराने के कड़े निर्देश दिया गया एवं साथ ही साथ उपरोक्त कार्य की समय सारणी बनाकर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी पर बने हुये चित्र कालाओं के कार्य को 15 दिवस के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिये तथा सरयू आरती पर चल रहे सेड के निर्माण में भी तेजी लाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा सरयू आरती स्थल पर सीढ़ियों पर सिलप डालकर लगाये जा रहे पत्थर को एक बराबर लगाने के निर्देश दिये जिससे श्रद्वालुओं को चलने में किसी प्रकार की असुविधा न हों। निरीक्षण के समय उपजिलाधिकारी अयोध्या, अपर जिलाधिकारी अयोध्या, यू0पी0प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0., निर्माण इकाई–11, अयोध्या के सहायक परियोजना प्रबन्धक व अवर अभियन्ता एवं सम्बन्धित फर्म के इंजीनियर उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने हलकारा का पुरवा के पास एस0टी0पी0 पंचकोसी परिक्रमा का भी निरीक्षण किया तथा कार्य की धीमी प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम सिटी, ए0आर0एम0 और कार्यदायी संस्था के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

नगर में चारों तरफ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम

-रविवार को निकाली जायेगी भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा

अयोध्या(आरएनएस)। नगर में चारों तरफ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की धूम छाई हुई है। एक तरफ जगह–जगह भगवान कृष्ण की झांकियां सजाई गई है, नगर के मंदिर सजे हुए हैं वही दूसरी ओर अनेकों जगहों पर पंडाल लगाकर भगवान श्री राधा कृष्ण की मूर्ति की स्थापना के पश्चात पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है। बीती शाम केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ नगर में स्थापित पूजा पंडालों के भ्रमण के लिए निकले। जहां उन्होंने प्रत्येक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा पंडालों के पदाधिकारी से मुलाकात की तथा महोत्सव के संदर्भ में जो भी समस्याएं बाकी रह गई है उनके निस्तारण के भी प्रयास तेज करने की बात कही। मुख्य रूप से सजाए गए पूजा पंडालों में साहबगंज पुलिस चौकी के पीछे, लोनियाना, अश्वनीपुरम कॉलोनी,वजीरगंज, सरयू विहार कॉलोनी,बहेलिया टोला, डफाली टोला, मकबरा, मारी माता मंदिर नाका, कांति नगर नाका, शिवनगर, मलिकपुर,अवध यूनिवर्सिटी के पीछे नई कालोनी, कोहारन लालबाग में 4 स्थानों पर और लालबाग पानी टंकी के निकट पूजा पंडालो में भगवान श्री राधाकृष्ण की पूजन अर्चन का कार्यक्रम चल रहा है। केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि सभी पूजा पंडालो में 31 अगस्त दिन शनिवार को बहुत धूम धाम से छठी का पर्व मनाया जाएगा और परंपरागत रूप से छठी के अगले दिन 1 सितंबर दिन रविवार को भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा अपने–अपने पूजा पंडालो से निकलकर फतेहगंज, चौक, रिकाबगंज, नियावां के रास्ते कैंट होते हुए गुप्तार घाट पर जाकर विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। भ्रमण करने वालों में प्रमुख रूप से केंद्रीय समिति के सहसंयोजक गगन जायसवाल, जोनल प्रमुख अतुल सिंह, बजरंगी साहू,तरुण गुप्ता डंपी,चंदन गुप्ता, आलोक शंकर,अखिलेश पाठक अंजनी पांडे आदि उपस्थित रहे।

गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यों पर जोर दें वैज्ञानिक – डा. बिजेन्द्र सिंह

-कुलपति ने शिक्षकों व वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर कार्यों की किया समीक्षा

कुमारगंज–अयोध्या(आरएनएस)। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविघ्यालय के उघ्यान एवं वानिकी महाविद्यालय में शुक्रवार को कुलपति ने समस्त शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। कुलपति ने महा– विद्यालय के फल विज्ञान विभाग, सब्जी विज्ञान विभाग, कृषि वानिकी में चल रहे शोध कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने गुणवत्तापूर्ण शोध कार्यों पर जोर दिया। वर्तमान समय में आंवला, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, बेल, जामुन इत्यादि फलों एवं सब्जियों पर वैज्ञानिक तरह–तरह के शोध कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षण कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे की समय पर छात्र–छात्राओं की परीक्षा आयोजित कर रिजल्ट घोषित किया जा सके।कुलपति ने कहा कि समय पर रिजल्ट घोषित होने से छात्र–छात्राओं को दूसरे शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने में परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। फल विज्ञान विभाग द्वारा तीन पेटेंट प्रकाशित किए जाने पर कुलपति ने ,अधिष्ठाता डा. संजय पाठक एवं फल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. भानुप्रताप सहित समस्त शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों को बधाई दी। कृषि वानिकी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. अंजली तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक वन प्रजनन और वृक्ष सुधार को कुलपति द्वारा विमोचित किया गया। इस मौके पर महाविघ्यालय अधिष्ठाता डा. संजय पाठक, फल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. भानु प्रताप, सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. सीएन. राम सहित समस्त शिक्षक एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।

मोटे अनाज देते है भरपूर पोषण सीडीओ

जौनपुर(आरएनएस)। कृषि विभाग द्वारा शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा के परिसर में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं उत्तर प्रदेश श्री अन्न (मीलेट्स) पुनरोद्धार योजना अन्तर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठीध्प्रदर्शनीध्किसान मेला का आयोजन किया गया जिसमें मक्का के उत्पादन और श्री अन्न के महत्व एवं उपयोगिता से किसानों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आहार व पोषण विशेषज्ञ मोटे अनाजों की खूबियों से इतने प्रभावित हैं कि इन्हें सुपरफूड्स के रूप में मान्यता दे रहे है, मोटे अनाज, श्री अन्न को एमडीएम में भी शामिल किया जाएगा, जिससे जनपद में मीलेट्स के उत्पादन को बल मिलेगा, मानव स्वास्थ्य बेहतर होगा तथा किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। मुख्य अतिथि मंत्री किसान मोर्चा काशी क्षेत्र डा. अर्चना शुक्ला ने कहा कि मोटे अनाजों की उपयोगिता को देखते हुए सरकार ने श्री अन्य योजना का नाम दिया है दूसरे अनाजों की तरह ही मोटे अनाज चीला, खीर, खिचड़ी, दलिया, कटलेट, सूप, उपमा, डोसा, इडली, बिस्कुट स्नेक्स, चिक्की आदि रूपो में खाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि श्री अन्न से बने खाद्यान्न एमडीएम में सम्मिलित किए जाने से बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के साथ मीलेट्स पुनरोद्धार को बढ़ावा मिलेगा।

अयोध्या की हार के बाद लाल टोपी से घबराती है भाजपा अवधेश प्रसाद

अयोध्या(आरएनएस)। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ के लाल टोपी के काले कारनामें वाले बयान को लेकर समाजवादी पार्टी ने तीखा पलटवार किया है। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या से लोकसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा लाल टोपी से डर गई है और घबराती है।शुक्रवार को शाने अवध सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि भाजपा लाल टोपी से घबरा गई है। उनको पता है लाल टोपी ही इनको सत्ता से अलग करेगी, जब से भाजपा लोकसभा चुनाव अयोध्या में हारी है तब से भाजपा पूरी तरह से लाल टोपी से घबरा गई है। सांसद ने कहा कि लोकसभा में लाल टोपी तीसरी शक्ति बन गई है। उपचुनाव में लाल टोपी ही इनको हराएगी। समाजवादी पार्टी ही सारी सीटों पर विजय पाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा पर लाल टोपी का भूत सवार है। भाजपा वाले जानते हैं मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। भाजपा दहशत में है और उपचुनाव को लेकर मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रही है। उन्होंने कहा कि सात जन्म लग जाएंगे उनके सपने पूरे नहीं होंगे, मिल्कीपुर सीट ये नहीं जीत पाएंगे। सपा सांसद ने दावा किया है कि मिल्कीपुर सीट कम से कम सपा 65 से 70 हजार वोट से जीतेगी।

भाजपा सांसद अरुण सागर ने लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर विकास कार्यों पर की चर्चा

लखनऊ । भाजपा सांसद अरुण सागर ने लखनऊ स्थित प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान शाहजहांपुर जिले में विकास को गति देने और तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को



लेकर चर्चा की। साथ ही भाजपा सांसद ने विद्युत विभाग से लेकर स्वास्थ्य विभाग और कई विभागों की योजनाओं में की जा रही लापरवाही से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने जल्द लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर जिले की जनता के उत्थान के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। सांसद ने सीएम योगी का आभार जताया है।

भाजपा सांसद अरुण अरुण सागर ने गुरूवार की शाम लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शाहजहांपुर जिले में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर जिले में सबसे ज्यादा विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश और केंद्र सरकार चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही सामने की है। शहरी क्षेत्र से लेकर तमाम ग्रामीणों क्षेत्रों बिजली के तार जर्जर हालत में हैं। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से बार बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नही कराया जाता है। जर्जर तारों की चपेट में आने से लोगों की जान भी जा चुकी है। लेकिन विद्युत विभाग के अधिकारी सरकारी नंबर तक नही उठाते हैं। जिससे विद्युत विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं का लाभ गरीब जनता तक नही पहुंच पा रहा है। क्षमता से अधिक लोड होने के बाद भी विभाग की तरफ से ट्रांसफार्मर की संख्या नही बढ़ाई जा रही है। वहीं स्वास्थ विभाग में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी गरीब जनता तक पहुंचने में दिक्कते आ रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि अस्पतालों में आने वाले मरीज को ठीक तरह से इलाज नही मिल पाता। अस्पताल में भर्ती गर्भवती महिलाओं को भोजन भी नही दिया जा रहा। जिससे गरीब जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा तमाम स्वास्थ विभाग में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। मुख्यमंत्री ने ऐसे अधिकारियों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शाहजहांपुर में जिले में विकास कार्यों को लेकर भी भाजपा सांसद और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच चर्चा हुई है। भाजपा सांसद ने बताया कि मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत एंबुलेंस, आप्रेशन कायाकल्प, संवय सहायता समूह, उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को शाहजहांपुर में गति देने के लिए चर्चा हुई। सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जनता के लिए चलाई योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर जिले में विकास कार्यों में कहीं भी कमी नही आने दी जाएगी। योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। अगर इसमे कोई भी अधिकारी लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

किराये के विवाद को लेकर दुकान पर जड़ा ताला

-पीड़ित दुकानदार ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

अयोध्या(आरएनएस)। कुमारगंज कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सरकारी दुकान को किराए पर देने व लगातार बढ़ाए जा रहे किराए को न दे पाने की वजह से दुकान पर ताला लगाने का आरोप रुदौली निवासी शैलेन्द्र जायसवाल ने दुकान के आवंटरी रमेश वैश्य पर लगाया है शैलेन्द्र जायसवाल का कहना है कि ने कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज द्वारा आवंटित दुकान को किराए पर लेकर साईं जनरल स्टोर संचालित कर रहा था, जो रमेश वैश्य के नाम आवंटित है। उसका कहना है दुकान देते समय रमेश वैश्य ने हर तीन साल बाद किराया बढ़ाने की बात कही थी। लेकिन तीन साल बीतने के बाद पहले 3300 फिर 3600, चार हजार व पांच हजार किराया लिया। अब उन्होंने किराया बढ़ाकर दस हजार की डिमांड किया शैलेन्द्र का कहना है कि दस हजार किराया बढ़ाने पर देने मे असमर्थता जताई। जिस पर रमेश ने दुकान को खाली करने के लिए कहा। इसके लिए उसने कुछ समय की मांग किया। उसने आरोप लगाया कि इसमें रमेश ने बिना कोई बात किए पांच जून को दुकान पर अपना ताला लिया। कुमारगंज थाने पर ताला तोड़ने के लिए मना किया गया। 24 अगस्त को रमेश ने दुकान बार्ड उखाड़ कर फेंक दिया। जिसकी शिकायत कृषि विश्वविद्यालय से किया। मामले में जांच चलरही है। शैलेन्द्र ने मामले में एसएसपी से मुलाकात करके अपना पक्ष रखा है। शैलेन्द्र का यह भी कहना है कि दुकान कृषि विश्वविद्यालय के द्वारा आवंटित दुकान है विश्वविद्यालय जो करना है वह करें। रमेश वैश्य कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सरकारी दुकान को किराए पर देकर अपने मनमाने ढंग से किराए लेकर व्यवसाय कर रहे हैं।

दो लेखपाल निलम्बित कई पर कार्यवाही

जौनपुर(आरएनएस) । बन्दोबस्त अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 10 वर्ष से अधिक समय से चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की समीक्षा 29 अगस्त को संयुक्त संचालक चकबन्दी मुख्यालय लखनऊ रण विजय सिंह द्वारा की गयी और 30 अगस्त को चकबन्दी अधिकारी कटघरा के न्यायालय का निरीक्षण किया गया। जनपद में 46 ग्राम 10 वर्ष से अधिक समय से चकबन्दी प्रक्रियाधीन है। समीक्षा के दौरान 10 वर्ष से पुराने ग्रामों में अपेक्षित प्रगति न होने तथा शिथिल पर्यवेक्षण के कारण सहायक चकन्दी अधिकारी बुद्धूराम को कारण बताओ नोटिस, राम नयन सिंह सहायक चकबन्दी अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा सहायक चकबन्दी अधिकारी राम अचल राम को नियम 10 (2) के अन्तर्गत नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। अपेक्षित कार्य प्रगति न होने के कारण चकबन्दीकर्ता नन्दलाल के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा चकबन्दीकर्ता हरिराम का वेतन रोके जाने के निर्देश दिये गये हैं। असंतोषजनक कार्य प्रगति के लिए ग्राम सलेडी के चकबन्दी लेखापाल चन्द्रसेन को निलम्बित करने के निर्देश दिये गये हैं। ग्राम लपरी के चकबन्दी लेखापाल श्याम कुमार यादव व ग्राम मानीकला के चकबन्दी लेखपाल दुर्गा प्रसाद के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही एवं चकबन्दी लेखपाल राजेन्द्र पटेल का वेतन अग्रिम आदेश तक आहरित न किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। ग्राम किर्तापुर में पूर्व में कार्यरत रहे चकबन्दी लेखपाल महेन्द्र के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। न्यायालय चकबन्दी अधिकारी कटघरा के निरीक्षण के समय ग्राम दक्षिणपट्टी के धारा–9 की 426 पत्रावलियों अनाधिकृत रूप से रखे जाने के लिए तथा खराब रख–रखाव के लिए दोषी न्यायालय लिपिक को निलम्बित करने एवं चकबन्दी अधिकारी कटघरा विजय शंकर सिंह का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये हैं। 10 वर्षों से पुराने ग्रामों में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दीध्चकबन्दी अधिकारी को अपने पर्यवेक्षण में निर्धारित कार्य योजना के अनुसार कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

अनूठी पर्यावरण प्रतियोगिता' में सी.एम.एस. छात्र पुरस्कृत

लखनऊ, 30 अगस्त। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम् प्रथम कैम्पस के कक्षा–9 के छात्र शाह अली अम्मार फारूकी ने 'स्वयं सिद्ध' 'फाउंडेशन' द्वारा आयोजित अनूठी पर्यावरण प्रतियोगिता' में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है जो उसके 'जलवायु परिवर्तन जैसे पर्यावरणीय मुद्दों के लिए अभिनव विचारों और समाधानों' को दर्शाता है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता छात्रों को पर्यावरण के मुद्दों जैसे जलवायु परिवर्तन पर अपनी चिंताओं को प्रकट करने के लिए मंच प्रदान करती है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र ने बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर दिखा

दिया कि आगे चलकर यह छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। आयोजकों ने शाह अली की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र से पुरष्कृत कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इन होनहार छात्र की उज्जवल भविष्य की कामना की है।सी.एम.एस. अपने छात्रों को सदैव वैश्विक मुद्दों के प्रति जागरूक रहने और पर्यावरण के प्रति अपना दायित्व समझने के लिये प्रेरित करता है। छात्रों में पर्यावरण के प्रति दायित्व की भावना उत्पन्न करना महत्वपूर्ण है ताकि एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण हो सके जो स्थिरता को महत्व दे और प्रथ्वी की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाए। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

सपा सरकार बनने पर भ्रष्टा अधिकारियों के खिलाफ होगी जांच - तेजनारायण

प्रेसवार्ता में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा कि सपा सरकार बनने पर अयोध्या में तैनात अधिकारियों की जांच होगी। नई रेलवे लाइन मामले को लेकर उन्होंने कहा कि नई रेलवे लाइन को लेकर माझा बरेहटा जयसिंहपुर मौनी बाबा के लोगों के मकान गेस्ट हाउस दुकान जमीन सब रेलवे लाइन में जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद सरकार ने अपना प्रपोजल बदला है, पहले के प्रपोजल में महर्षि योगी के जमीनों से रेलवे लाइन गुजर रही थी। अब केंद्र सरकार ने अपना प्रस्ताव बदल दिया है अब लोगों के घर व दुकान गिराने जा रही है। आरोप लगाया है कि लेखपाल से लेकर मुख्य सचिव तक ने महर्षि योगी की जमीन से प्लाट खरीदे, जमीनों की बंदरबांट हुई, यह जांच का विषय है किन–किन अधिकारियों ने महर्षि योगी की जमीन से प्लॉट खरीदे है। समय आने पर हम सारे नाम खोलेंगे। जांच का विषय यह भी है ट्रस्ट की जमीन बेची नहीं जा सकती तो अधिकारियों ने जमीन खरीदी कैसे? प्रेसवार्ता के दौरान नई रेलवे लाइन के निर्माण से पीड़ित माझा बरेहटा, जयसिंहपुर, मौनी बाबा के दर्जनों पीड़ित लोग भी मौजूद रहे।

छावनी परिषद अयोध्या की प्रथम महिला सीईओ बनी जिज्ञासा राज

–कार्यभार गहण करने के बाद पूर्व पार्षदों ने किया स्वागत

अयोध्या।(आरएनएस) छावनी परिषद अयोध्या की प्रथम महिला मुख्य अधिशासी अधिकारी जिज्ञासा र ाज बन गयी है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत प्रथम महिला मुख्य अधिशाषी अधिकारी जिज्ञासा राज (आई.डी.एस) का छावनी परिषद अयोध्या के पूर्व पार्षद मोहम्मद अपील बबलू के नेतृत्व में पूर्व पार्षदों ने बुके देकर स्वागत किया। पूर्व पार्षद मोहम्मद अपील बबलू ने बताया कि आजादी के बाद पहली बार कोई महिला अधिकारी छावनी अयोध्या की मुख्य अधिशासी अधिकारी बनकर आयी हुई है ।
मोहम्मद अपील बबलू ने बताया कि सी ई ओ से मुलाकात के साथ छावनी अयोध्या से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया और लंबित विकास की सभी योजनाओं को जल्द से जल्द शुरू करने की अपील की । और छावनी की जनता की तरफ से हर तरह के सहयोग का अश्वाशन भी दिया। इस पर सी ई ओ द्वारा सभी जनसमस्याओं समय रहते निस्तारण करने और सभी लंबित विकास की योजनाओं को शुरू करने अश्वाशन भी दिया ।

समाजसेवी राजन पांडेय ने फिर दिखाई दरियादिली

–जमीन पर सो रहे गरीब मजदूरों को उपलब्ध कराई दरी, चद्दर कंबल के साथ आर्थिक सहायता

अयोध्या(आरएनएस)। जिले के वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडे को सूचना मिली कि बिहार से आए आठ अत्यंत गरीब मजदूर जो जमीन पर सोने के लिए मजबूर है, सूचना मिलते ही समाजसेवी राजन ने अपने पुत्र जिला पंचायत अंकित पांडेय को तत्काल मौके पर भेजकर सभी मजदूरों को दरी चद्दर कंबल और कुछ आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाते हुए आगे भी हर यथा संभव मदद का आश्वासन दिया। राजन ने बताया कि यह सुनकर बड़ा दुख होता है की जिस गरीब के सहारे पूरा देश चल रहा है वो इतनी दयनीय स्थिति में रहने को मजबूर है उन्होंने मंडी परिषद और कुमारगंज नगर पंचायत के कार्यशैली पर उंगली उठाते हुए कहा कि जहा सरकार गरीबों के लिए हर जगह रेनबासेरा की व्यस्था किया है यहां पर उसकी व्यस्था क्यों नहीं की गई? समाजसेवी राजन ने समाज के संभ्रांत लोगो से अपील की है की अपने आसपास रह रहे ऐसे लोगो की मदद अपना परिवार मान कर किजिए क्योंकि जब मजदूर खुश रहेगा तभी देश का विकास होगा। उपस्थित लोगो ने राजन पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि राजन पांडेय ने ये बाहरी गरीबों की मदद करते हुए कई बार साबित किया है की उनकी समाजसेवा वोट के लिए नहीं होती।

हनुमान कुंड वार्ड में सीवर लाइन जाम

अयोध्या।(आरएनएस) हनुमान कुंड वार्ड में सीवर लाइन जाम होने पर नगर निगम द्वारा सेक्शन मशीन तथा दर्जनों सफाई कर्मियों का लगाया गया है। शुक्रवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा व नगर निगम के अन्य अधिकारियों के साथ कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।

महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि हनुमान कुड़ वार्ड में सीवर लाइन जाम होने के कारण जल निकासी नही हो पा रही थी। जिस कारण जलभराव की स्थिति हो गई थी। जिसकी जानकारी होने पर नगर निगम द्वारा एक सेक्शन मशीन के साथ दर्जनों सफाई कर्मियों को भेजा गया। जिनके द्वारा लाइन की सफाई की गई है। जल निकासी प्रारम्भ हो गई है। उन्होंने कहा राम नगरी को स्वच्छ व सुन्दर रखने की जिम्मेदारी हम सभी महानगर वासियों की है।

संपादकीय

सरकार की असल नीति क्या है?

सही है विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों ने छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचीं। उस कारण उन्हें घाटा हुआ। सवाल है सरकार की असल नीति क्या है?वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ई–कॉमर्स कंपनियों पर सीधा निशाना साधा। उन्हें देश के करोड़ों खुदरा कारोबारियों की बढ़ती मुसीबत का कारण बताया। उन्होंने कहारू ई–कॉमर्स की भारत में बेरोक वृद्धि से ष्बड़े पैमाने पर सामाजिक अस्त–व्यस्तताष् पैदा हो सकती है, जिसका असर दस करोड़ छोटे व्यापारियों पर पड़ेगा। गोयल एक संस्था की रिपोर्ट जारी होने के मौके पर बोल रहे थे। रिपोर्ट श्भारत में रोजगार एवं उपभोक्ता कल्याण पर ई–कॉमर्स का संपूर्ण प्रभावष् शीर्षक से जारी हुई है। गोयल ने अमेजन कंपनी का नाम लेकर उस पर निशाना साधा। उनकी टिप्पणी गौरतलब हैरू श्कीमत तय करने का लूटेरा चलन क्या देश के हित में है, जहां अमेजन जब कहती है कि वह अरबों डॉलर का निवेश करेगी, तो हम सब खुशी मनाते हैं। लेकिन हम अंदरूनी कहानी भूल जाते हैं कि ये अरबों डॉलर किसी बड़ी सेवा या भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सहायक किसी बड़े निवेश के रूप में नहीं आ रहे हैं। ये रकम कंपनी अपना घाटा पाटने के लिए ला रही है। लेकिन अरबों डॉलर का घाटा हुआ ही क्योंष् गोयल का तात्पर्य है कि इन कंपनियों ने घाटा छोटे कारोबारियों को व्यापार से बाहर करने के लिए चीजें सस्ती दरों पर बेचने के कारण हुआ। उसे पाटने के लिए अरबों डॉलर लाए गए।

यह नहीं कहा जा सकता कि गोयल की बातें बेबुनियाद हैं। मगर सवाल यह उठेगा कि नरेंद्र मोदी सरकार की नीति क्या है? क्या उसकी नीतियों ने हर तरह के विदेशी निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया है? और क्या उसका ही यह परिणाम नहीं है कि देश में विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों का पूरा वर्चस्व बन गया है। वैसे क्या यह भी एक सच नहीं है कि केंद्र की ही नीतियों या कार्य–प्रणाली से तंग आकर अनेक कंपनियां बाहर चली गई हैं। इस क्रम में ना तो देसी उद्योग का विकास हुआ है और ना विदेशी निवेश से अपेक्षित उद्देश्य पूरा हुआ है। क्या गोयल की बातें अब ई–कॉमर्स सेक्टर में अनिश्चय का माहौल नहीं बनाएंगी? वैसे खुदरा कारोबार सेक्टर की मुसीबतें बढ़ाने में नोटबंदी और जीएसटी जैसे नीतिगत फैसलों का क्या रोल रहा है, गोयल को यह भी बताना चाहिए।

भाजपा का लखपति दीदी प्रोग्राम

विपक्ष की जातिगत जनगणना के उत्तर में प्रधानमंत्री मोदी देश में चार जातियां मानते हैं । उन्होंने अंग्रेजी के ज्ञान से चार जातियां बतलाई हैं । त्र गरीब से गरीब, ङ्घ से युवा,. से कृषिक और ह से नारी । मोदी जी का फोकस इन चारों पर है ।

आजकल बीजेपी के मुख्यमंत्री मोदी जी के नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रहे हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कई सशक्तिकरण कार्यक्रम चला रखे हैं । आज मध्य प्रदेश में नारी कल्याण को लेकर कई योजनाएं संचालित हैं । तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जमाने से प्रत्येक महिला को हर महीने 1250 रुपये मिलते हैं । इस बार रक्षाबंधन के 250 जोड़कर 1500 रुपये हर महिला के खाते में आये हैं । अब प्रयत्न है कि राज्यसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़े । इसके साथ ही स्थानीय निकायों में भी उनके प्रतिनिधित्व को बढ़ाया जा रहा है । अभी असल में स्थानीय निकायों में महिला प्रतिनिधि के स्थान पर उसके ससुर, पिता या पति ही मीटिंगों में भाग लेते हैं । इसे रोका जा रहा है । डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों को आदेश दिया है कि इस प्रथा पर तत्काल रोक लगाई जाये । महिला प्रतिनिधियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है । इस बार अनेक स्थानों में डॉ. मोहन यादव ने जाकर महिलाओं से राखी बंधवाई । महिलाओं के बीच उनके भाई डॉ. मोहन यादव बहुत लोकप्रिय हैं । अब देश में उद्योगों में भी महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है । रीजनल इण्डस्ट्रियल कान्क्लेव कई जगह आयोजित किये जा रहे हैं । जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकतादी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी । की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी । टेक्सटाइल सहित कई तरह के उद्योगों में महिलाओं को प्राथमिकता दी जायेगी । औद्योगिक इकाईयां महिलाओं के नाम से होगी ।25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी जी ने महाराष्ट्र और राजस्थान का दौरा किया और वहां महिलाओं को लखपति दीदी का दर्जा दिया । जलगांव में ग्यारह लाख नई लखपति दीदियों को सम्मानित किया । यह मुकाम उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल में प्रदान किया है । मोदी जी ने 2500 करोड़ का एक कोष बनाया है जिसमें करीब 48 लाख सदस्यों वाले चार–पांच लाख स्वयं सहायता समूह कार्यरत होंगे । प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उद्योग लगाने के लिए पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक लोन भी वितरित किये । इससे करीब ढाई लाख स्वयं सहायता समूह कार्य करेंगे जिनका नेतृत्व महिलाएं करेंगी । अब तक श्लखपति दीदीष कार्यक्रम से एक करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं । यह उम्मीद है कि हर एक स्वयं सहायता समूह प्रति वर्ष एक लाख का लाभ कमा सकेगा । असल में देश में आदि आबादी महिलाओं की है । अभी तक वे केवल चौका चूल्हा में व्यस्त रहती थीं । वहां भी उनके लाभ के लिए मुफ्त गैस सलेण्डर दिये गये ताकि लकड़ी से खाना बनाने से जो धुआं निकलता है, उससे उनके स्वास्थ्य में हानि न हो । महिला खिलाड़ियों को भी मोदी जी के कार्यकाल में काफी प्रोत्साहन दिया जाता है । विनेश फोगट को हार के बाद भी चार करोड़ रुपये के पुरस्कार दिये गये । कोई भी समाज अपनी आबादी के आधे हिस्से को नकारते हुए प्रगति नहीं कर सकता

उपचुनावों को लेकर सीएम योगी की रणनीति, विकास–रोजगार से सियासी खेल बदलने की तैयारी

मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा शुरू किया। अंबेडकर नगर से इस अभियान की शुरुआत हुई और इसके बाद अयोध्या, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़ और कानपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों का दौरा किया।उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में जीत दर्ज करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद को पूरी तरह सक्रिय कर लिया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को प्रदेश में बड़े झटके का सामना करना पड़ा था, जिससे अब ये उपचुनाव पार्टी के लिए बेहद अहम हो गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से लगातार अलग–अलग जिलों का दौरा करके बीजेपी के लिए जीत की रणनीति तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को साधने और विकास परियोजनाओं के जरिए जनता की नाराजगी दूर करने का प्रयास किया है, ताकि बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में मीरापुर, गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर, करहल, कुंदरकी, फूलपुर, मिल्कीपुर, कटेहरी, मझवां और सीसामऊ जैसी सीटें शामिल हैं। इनमें से नौ सीटें 2024 के लोकसभा चुनाव में विधायकों के सांसद बनने के कारण खाली हुईं, जबकि सीसामऊ सीट समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी के सजा होने के कारण खाली हुई है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने इनमें से तीन सीटें जीती थीं, जबकि पांच सीटें समाजवादी पार्टी के पास थीं। शेष दो सीटों पर राष्ट्रीय लोकदल और निषाद पार्टी के विधायक काबिज थे। बीजेपी के लिए ये उपचुनाव सिर्फ अपनी तीन सीटों को बचाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सपा के दबदबे वाली सीटों पर विजय हासिल करके 2024 के लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की भरपाई करने का अवसर भी हैं। लोकसभा चुनाव में बीजेपी को छह सीटों पर सपा से कम वोट मिले थे, जिससे पार्टी की चिंता बढ़ गई थी। यही कारण है कि बीजेपी ने इन उपचुनावों को 2027 के विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनावी अभियान को

प्राथमिकता दी है। उन्होंने खुद मैदान में उतरकर सियासी माहौल बनाने का मिशन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी ने 15 अगस्त के बाद से प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा शुरू किया। अंबेडकर नगर से इस अभियान की शुरुआत हुई और इसके बाद अयोध्या, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, मैनपुरी, अलीगढ़ और कानपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया। हर जिले में पांच हजार से लेकर 17 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिससे बीजेपी के पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की गई है।योगी आदित्यनाथ उपचुनाव वाले उन जिलों का दौरा कर रहे हैं, जहां रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन मेलों में युवाओं को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। इसके अलावा, योगी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी कर रहे हैं। उन्होंने लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र और छात्रों को टैबलेट्स वितरित किए हैं। इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री योगी ने उपचुनाव वाली सीटों पर बीजेपी के लिए मजबूत आधार तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।बीजेपी की रणनीति में विकास, रोजगार और संवाद को मुख्य हथियार बनाया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को युवाओं की बेरोजगारी को लेकर मिली नाराजगी का सामना करना पड़ा था, जो पार्टी की हार का एक प्रमुख कारण बना। इसे ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रोजगार मेलों का आयोजन कर युवाओं को साधने की कोशिश की है। इन मेलों के माध्यम से युवाओं को नौकरी के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे उनकी नाराजगी को कम किया जा सके।मुख्यमंत्री योगी ने अपनी जनसभाओं में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। उन्होंने हिंदुत्व के एजेंडे को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है, ताकि बिखरे हुए हिंदू वोटों को एकजुट किया जा सके। योगी आदित्यनाथ ने हर जिले में उपचुनाव वाली सीटों के नेताओं के साथ बैठकें कीं और पार्टी की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने न केवल राजनीतिक मोर्चे पर बल्कि शासन स्तर पर भी तैयारी की है, जिससे बीजेपी की जीत सुनिश्चित हो सके।योगी आदित्यनाथ ने इन 10 सीटों पर जीत की जिम्मेदारी खुद संभाल ली है। उन्होंने दोनों डिप्टी सीएम और प्रदेश अध्यक्ष को भी इस चुनावी अभियान में शामिल किया है, जिनके जिम्मे दो–दो विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने अपनी कैबिनेट के मंत्रियों को भी मैदान में उतार दिया है, जो अपने–अपने क्षेत्रों में बीजेपी के लिए जीत सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं।इन उपचुनावों में बीजेपी के सामने सबसे बड़ी चुनौती सपा की मजबूत सीटें हैं। करहल, कुंदरकी, कटेहरी, मिल्कीपुर और सीसामऊ जैसी सीटें बीजेपी के लिए कठिन मानी जा रही हैं। इसके अलावा, मझवां, मीरापुर और फूलपुर जैसी सीटें भी पार्टी के लिए आसान नहीं हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी टीम पूरी तरह से इन सीटों पर फोकस कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस चुनावी अभियान को गंभीरता से लेते हुए पूरी ताकत झोंक दी है। रोजगार, विकास और संवाद के माध्यम से बीजेपी की रणनीति को मजबूत किया जा रहा है।

अलग–अलग फलों और फसलों के क्लस्टर्स बना रही योगी सरकार

केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार संस्थान, सरकार की मदद से लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दशहरी और चौसा आम के लिए क्लस्टर बनाकर करीब 4000 बागवानों को जोड़ चुका है। क्लस्टर में खेती की संभावनाओं को देखते हुए योगी सरकार पहले से विकसित क्लस्टर्स की सुविधाएं बढ़ा रही है। साथ ही नए फलों और फसलों के क्लस्टर्स भी विकसित कर रही है। फल और फसल विशेष के इन क्लस्टर्स से आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।उल्लेखनीय है कि जहां बल्क (बड़ी मात्रा) में किसी चीज का उत्पादन होता है, वहां खरीदार खुद पहुंचने लगते। खरीदारों में प्रतियोगिता होने से उत्पाद की गुणवत्ता के अनुसार उसका वाजिब दाम भी मिलता है। खेतीबाड़ी भी बाजार के इस सामान्य नियम का अपवाद नहीं है।बल्क में फलों या फसलों के उत्पादन का मतलब है, बड़े पैमाने पर बड़े रकबे में किसी एक फल या फसल की खेती। इसे उस फल या फसल का क्लस्टर भी कह सकते हैं। धीरे–धीरे वह क्लस्टर उस फल या फसल की पहचान बन जाती है। जैसे–जैसे यह पहचान मुकम्मल होती जाती है, वैसे वैसे उस क्लस्टर के उत्पाद की संभावनाएं भी बढ़ती जाती हैं। मसलन मलीहाबादी दशहरी, सहारनपुर का चौसा, बनारस का लंगड़ा, गोरखपुर और बस्ती का गवरजीत, अयोध्या, गोंडा और सहारनपुर का गुड़, प्रतापगढ़ का आंवला, सिद्धार्थनगर का कालानमक धान और कुशीनगर का केला आदि।ओडीओपी ने भी बढ़ा दी क्लस्टर की संभावनाजिन जिलों के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) खेतीबाड़ी से संबंधित हैं उनको इस योजना के जरिये कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) देकर ग्रेडिंग, पैकिंग, ब्रांडिंग और बाजार तक की सुविधा देना इसी प्रयास का हिस्सा है।केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के निदेशक टी. दामोदरन के अनुसार संस्थान, सरकार की मदद से लखनऊ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में दशहरी और चौसा आम के लिए क्लस्टर बनाकर करीब 4000 बागवानों को जोड़ चुका है।

देर से न्याय मिलना न मिलने के समान

विनीत नारायण

अजमेर के मामले में 32 साल बाद आए फैसले पर भी हमारी यही प्रतिक्रिया है कि ऐसे फैसलों से समाज में कोई बदलाव नहीं आएगा। क्योंकि श्जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाईडष् अर्थात् देर से न्याय मिलना न मिलने के समान होता है। इसलिए बात फिर वहीं अटक जाती है। महिलाओं के प्रति पुरुषों की इस पाशविक मानसिकता का क्या इलाज है? ये समस्या आज की नहीं, सदियों पुरानी है।जहां कोलकाता की डॉक्टर के बलात्कार और नृशंस हत्या को लेकर सारे देश में निर्भया कांड की तरह भारी बवाल मच रहा है। वहीं 1992 में अजमेर में बलात्कार कांड का फैसला भी पिछले हफ्ते आया। इस फैसले में 6 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई गई। जबकि 5 आरोपी पहले ही सजा काट चुके हैं और एक आरोपी ने आत्महत्या कर ली थी। अजमेर के एक प्रतिष्ठित महिला कॉलेज की 100 से अधिक छात्राओं को ब्लैकमेल करके उनसे बलात्कार किए गए। जिनकी अश्लील फोटो शहर भर में फैल गई। इस कांड का मास्टर माइंड जिला यूथ कांग्रेस का अध्यक्ष फारूकष् चिश्ती था, जिसके साथ यूथ कांग्रेस का उपाध्यक्ष नफीस चिश्ती और संयुक्त सचिव अनवर चिश्ती शामिल थे। इनके अलावा फोटो लैब डेवलपर, पुरुषोत्तम, इकबाल भाटी, कैलाश सोनी, सलीम चिश्ती, सोहेल गनी, जमीर हुसैन, अल्मास महाराज (फरार), इशरत अली, परवेज अंसारी, मोइजुल्ला, नसीम व फोटो कलर लैब का मालिक महेश डोलानी भी शामिल थे।

प्रदेश भर में भारी आंदोलन और देश भर में तहलका मचाने वाले इस कांड की जाँच राजस्थान के तत्कालीन मुख्य मंत्री भैरों सिंह शेखावत ने ष्खुफिया विभाग को सौंपी। ये पूरा मामला अजमेर से प्रकाशित श्नवज्योतिष अखबार के युवा पत्रकार, संतोष गुप्ता की हिम्मत से बाहर आया। चौंकाने वाली बात यह थी कि इस जघन्य कांड में शामिल ज्यादातर अपराधी ख्वाजा गरीब नवाज की मजार के खादिम (सेवादार) थे।

इनकी हवस का शिकार हुई लड़कियाँ प्रतिष्ठित हिंदू परिवारों से थीं। जिनमें से 6 ने बदनामी के डर से आत्महत्या कर ली। दर्जनों अपनी पहचान छुपा कर जी रही हैं। क्योंकि जो जख्म इन्हें युवा अवस्था में मिला उसका दर्द ये आजतक भूल नहीं पाई हैं। चूँकि इस कांड में शामिल ज्यादातर अपराधी मुसलमान हैं और शिकार हुई लड़कियाँ हिंदू, इसलिए इसे मजहबी अपराध का जामा पहनाया जा सकता है और वो ठीक भी है। पर हमारे देश में हर 16 मिनट में एक बलात्कार होता है। इन सब बलात्कारों में शामिल अपराधी बहुसंख्यक हिंदू समाज से होते हैं।

इतना ही नहीं, साधु, पादरी और मौलवी के वेश में, धर्म की आड़ में, अपने शिष्यों या शागिर्दों की बहू–बेटियों से दुष्कर्म करने वालों की संख्या भी खासी बड़ी है। इसे राजनैतिक जामा भी पहनाया जा सकता है क्योंकि इस जघन्य कांड के मास्टर माइंड यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी थे। पर क्या ये सही नहीं है कि देश भर में भाजपा व अन्य दलों के भी तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम लगातार बलात्कार जैसे कांडों में सामने आते रहते हैं। इसलिए महिलाओं के प्रति इस पाशविक मानसिकता को धर्म और राजनीति के चश्मे से हट कर देखने की जरूरत है।

दुर्भाग्य से जब कभी ऐसी कोई घटना सामने आती है तो हर राजनैतिक दल उसका पूरा लाभ लेने की कोशिश करता है। ताकि जिस दल की सरकार के कार्यकाल में ऐसा हादसा हुआ हो उसे या जिस दल के नेता या उसके परिवार जन ने ऐसा कांड किया हो तो उन्हें घेरा जा सके। जब हमारे देश में हर 16 मिनट पर एक बलात्कार होता है और बच्चियों के साथ भी होता है, उनकी नृशंस हत्या भी होती है, तो क्या वजह है कि बलात्कार की एक घटना पर तो मीडिया और राजनीति में इतना बवाल मचता है और दूसरे हजारों इससे बड़े मामलों की बड़ी आसानी से अनदेखी कर दी जाती है, मीडिया द्वारा भी और समाज व राजनेताओं द्वारा भी। तब ये जरूरी होता है जब कभी बलात्कार के किसी कांड पर बवंडर मचे तो उसे इस नजरिए से भी देखना चाहिए। ये बवंडर समस्या के हल के लिए हो रहा है या अपनी राजनैतिक रोटियाँ सेंकने के लिए।

अब प्रश्न है कि ऐसे अपराधी को क्या सजा दे जाए? अपराध शास्त्र के विशेषज्ञ ये सिद्ध कर चुके हैं कि किसी अपराधी को मृत्यु दंड जैसी सजा सुनाने के बाद भी उसका दूसरों पर कोई असर नहीं पड़ता और इस तरह के अपराध फिर भी लगातार होते रहते हैं। पर दूसरी तरफ पश्चिमी एशिया के देशों में शरीयत कघनूनों को लागू किया जाता है जिसमें चोरी करने वाले के हाथ काट दिए जाते हैं और बलात्कार करने वाले की गर्दन काट दी जाती है। पिछले ही हफ्ते सोशल मीडिया पर दिल दहलाने वाला एक वीडियो प्रचारित हुआ, जिसमें दिखाया है कि कैसे 6 पाकिस्तानी युवाओं को 16 साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार के आरोप में उनकी सरेआम तलवार से गर्दन काट दी गई।

हादसे के अगले दिन वहाँ की अदालत ने अपना फैसला सुना दिया। अक्सर इस बात का उदाहरण दिया जाता है कि शरीयत कघनून के ऐसी सजाओं के चलते इन देशों में चोरी और बलात्कार की घटनाएँ नहीं होती। पर ये अर्धसत्य है। क्योंकि अक्सर ऐसी सजा पाने वाले अपराधी तो आम लोग होते हैं जो दुनिया के गरीब देशों से खाड़ी के देशों में रोजगार के लिए आते हैं। जबकि ये तथ्य अब दुनिया से छिपा नहीं है कि खाड़ी के देशों के रईसजादे और शेख विदेशों से निकाह के नाम पर फुसला कर लाई गई सैंकड़ों लड़कियों का अपने हरम में रात–दिन शारीरिक शोषण करते हैं। फिर उन्हें नौकरानी बना देते हैं। इन सब पर शरीयत का कघनून क्यों नहीं लागू होता? हमारे भी वेद ग्रंथों में बलात्कारी की सजा सुझाई गयी है। बलात्कारी का लिंग काट दिया जाए। उसके माथे पर एक स्थायी चिह्न बनाकर समाज में छोड़ दिया जाए। जिसे देखते ही कोई भी समझ जाए कि इसने बलात्कार कर किसी की जिंदगी बर्बाद की है। फिर ऐसे व्यक्ति से न कोई रिश्ता रखेगा, न दोस्ती। उसका परिवार भी उसे रखना पसंद नहीं करेगा। कोई नौकरी नहीं मिलेगी। कोई धंधा नहीं कर पायेगा। भीख भी नहीं मिलेगी। कोई डॉन भी हुआ, तो उसकी गैंग उसे छोड़ देगा। क्योंकि कोई गैंग भी नहीं चाहेगा कि उनकी गैंग किन्नरों की गैंग कहलाये। ऐसे में बलात्कारी या तो खुद ही आत्महत्या कर लेगा या अछूत बनकर जिल्लत भरी जिंदगी जियेगा। उसका यह हाल देख समाज में किसी और की यह अपराध करने की हिम्मत ही नहीं होगी। मगर जेल भेजने या फाँसी देने से अपराध नहीं रुकेगा।

अजमेर के मामले में 32 साल बाद आए फैसले पर भी हमारी यही प्रतिक्रिया है कि ऐसे फैसलों से समाज में कोई बदलाव नहीं आएगा। क्योंकि श्जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाईडष् अर्थात् देर से न्याय मिलना न मिलने के समान होता है। इसलिए बात फिर वहीं अटक जाती है। महिलाओं के प्रति पुरुषों की इस पाशविक मानसिकता का क्या इलाज है? ये समस्या आज की नहीं, सदियों पुरानी है। हर समाज, हर धर्म और हर देश में महिलाएँ पुरुषों के यौन अत्याचारों का शिकार होती आयी हैं। बहुत कम को न्याय मिल पाता है, इसलिए 32 साल बाद अजमेर बलात्कार कांड का फैसला कोई मायने नहीं रखता।

आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन लाभ होने से परिवार में सुख–शांति का माहौल बना रहेगा। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकते हैं।

वृष राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है। टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा।

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे। कोई भी छोटा बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा।

कर्क राशि–
लेखकों के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। आज इन्हें अपने लेखन शैली से जीवन में सफलता मिलने के अवसर प्राप्त होंगे। इस राशि के लोगों को आज अपने परिवार के किसी सदस्यों से नये वस्त्रों की मिल सकते हैं।

सिंह राशि–
आज व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है। इसके साथ ही आप घर वापस आकर अगले दिन के लिए टारगेट सेट करेंगे साथ ही आप अगर घरों में कोई परिवर्तन संबंधी कोई निर्णय लेना चाहते है

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गो के साथ बिताएंगे ।यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ, ऐसा कुछ नही होने वाला क्युकी आज आपका दिन आपके फेवर में है।

तुला राशि–
आज आपका दिन रोज से अच्छा रहेगा।आप अपने कामकाजी जीवन से थोड़ा ब्रेक लेकर जीवन साथी के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाएंगे। यह आपके अपने रिश्ते को संजोए रखने के लिए आवश्यक कदम होगा।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। काम करने के तरीकों में बदलाव करेंगे और व्यवस्थित रहेंगे तो इससे आपके काम जल्दी निपटेंगे। आज आपको कोई नयी जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज दोस्तों और संबंधियों से पूरी मदद मिलेगी। खास काम के सिलसिले में बातचीत भी होगा।

मकर राशि–
आज दिन की शुरुआत अच्छी होगी। इससे परिवार में सामंजस्य बना रहेगा। छात्रों को आज कोई शुभ सूचना मिलने वाली है। जिससे करियर में बदलाव आयेगा। पुराने समय को भूलकर आगे बढ़ेंगे तो सफल हो जाएंगे।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए बहुत सामान्य रहेगा। आज पैसों से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। आज पारिवारिक तथा व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना कर रखने से उचित व्यवस्था बनी रहेगी। स्टूडेंट को अपने अध्ययन और करियर में एकाग्रता रखने से उचित परिणाम मिलेंगे।

मीन राशि–
आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज आपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखन होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं।

पाकिस्तान के दौरे पर जाने वाले हैं पीएम मोदी ? एससीओ समिट के आमंत्रण पर विदेश मंत्रालय की तरफ से आ गया बड़ा बयान

वक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए पाकिस्तान से निमंत्रण मिला है। हमारे पास इस पर कोई अपडेट नहीं है। हम आपको बाद में स्थिति बताएंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने बैठक के लिए पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान ने अक्टूबर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निमंत्रण भेजा है। हालांकि, पीएम मोदी पाकिस्तान जाएंगे या नहीं, इस पर मंत्रालय की ओर से कोई अतिरिक्त विवरण जारी नहीं किया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हमें एससीओ शिखर सम्मेलन के लिए पाकिस्तान से निमंत्रण मिला है। हमारे पास इस पर कोई अपडेट नहीं है। हम आपको बाद में स्थिति बताएंगे। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने बैठक के लिए पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है।



पीएम मोदी राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में नियमित रूप से शामिल होते रहे हैं, हालांकि उन्होंने इस साल कजाकिस्तान में जाहिर तौर पर इसमें भाग नहीं लिया क्योंकि यह जुलाई की शुरुआत में संसद सत्र के साथ टकरा रहा था। एससीओ उन कुछ बहुपक्षीय मंचों में से एक है जहां भारत और पाकिस्तान 2015 में वार्ता प्रक्रिया को फिर से शुरू करने के असफल प्रयास और उसके बाद हुए आतंकवादी हमलों के बाद से संबंधों में आई शत्रुता के बावजूद एक साथ काम करने में कामयाब रहे हैं। जबकि भारतीय प्रतिनिधिमंडलों ने एससीओ अभ्यास में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा की है और इसके विपरीत, पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पिछले साल एससीओ के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत का दौरा किया था। यह सहयोग एससीओ चार्टर द्वारा संभव हुआ है जो सदस्य राज्यों को द्विपक्षीय मुद्दों को उठाने की अनुमति नहीं देता है।

तालिबान ने पाकिस्तान के कई सैनिकों को घरों से उठा लिया, संयुक्त राष्ट्र के सामने जान की भीख मांगने पहुंचे गृह मंत्री मोहसिन

बलूच विद्रोहियों ने पिछले कुछ दिनों में 130 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। टीटीपी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनवा प्रांत पर कब्जा करना चाहता है। वहीं बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का कहना है कि हम बलूचिस्तान को पाकिस्तान से आजाद करवा कर रहेंगे।पाकिस्तान में भयंकर बवाल मच गया है। तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी के आतंकियों ने पाकिस्तान के कई बड़े सैनिकों को घर से उठा लिया है। पाकिस्तानी सैनिक कैमरे पर आकर बयान दे रहे हैं कि हमें बचा लो। टीटीपी की बातें मान लो वरना कोई नहीं बचेगा। मामला इतना खतरनाक हो गया है कि पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के सामने जान की भीख मांगने पहुंच गया है। पाकिस्तानी सेना पर टीटीपी का ये हमला उस वक्त हुआ है जब बलूचिस्तान के कई इलाकों में बलूच लिबरेशन आर्मी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। बलूच

विद्रोहियों ने पिछले कुछ दिनों में 130 से ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों की हत्या कर दी है। टीटीपी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनवा प्रांत पर कब्जा करना चाहता है। वहीं बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का कहना है कि हम बलूचिस्तान को पाकिस्तान से आजाद करवा कर रहेंगे। बलूचों ने तो खुली धमकी दे दी है कि चीन और पाकिस्तान को हमारी जमीन खाली करनी होगी। वरना सभी को मार देंगे। पाकिस्तान को दो बड़े प्रांत छिनने का डर सताने लगा है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के सामने पहुंचा है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र को बताया है कि टीटीपी हमारे देश में कई आतंकी हमले कर रहा है। टीटीपी को रोकना असंभव होता जा रहा है। टीटीपी को अफगानिस्तान का तालिबान मदद दे रहा है। ऐसे में हमारी रक्षा की जाए। पाकिस्तान के केंद्रीय गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने अफगानिस्तान के लिए नियुक्त संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि के सामने जान की भीख मांगी है। टीटीपी ने खैबर पख्तूनवा प्रांत में मौत का तांडव मचाया हुआ है। टीटीपी ने सबसे पहले पाकिस्तानी आर्मी के एक बड़े अफसर को घर से उठा लिया। इस अफसर का नाम लेफ्टिनेंट कर्नल खालिद है। कर्नल खालिद के अलावा तीन और सैनिक भी उठाए गए हैं। सभी सैनिकों ने कैमरे पर आकर कहा है कि हम तभी जिंदा बचेंगे जब पाकिस्तान टीटीपी की सारी बातें मान जाएगा।

3 दिन के लिए रुका इजरायस–हमास युद्ध, जो अमेरिका और मुस्लिम देश नहीं करा सके वो डब्लूएचओ ने करा दिया

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा के इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने पोलियो के खिलाफ लगभग 640,000 बच्चों के टीकाकरण की अनुमति देने के लिए गाजा पट्टी में लड़ाई में तीन अलग–अलग, तीन दिवसीय विराम पर सहमति व्यक्त की है। क्षेत्र के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारी रिक पीपरकोर्न ने कहा, टीकाकरण अभियान रविवार से शुरू होने वाला है।इजरायल हमास के बीच गाजा में तीन दिन के लिए कई इलाकों में सीजफायर पर सहमति बन गई है। गाजा में 25 साल बाद 23 अगस्त को पोलियो का पहला केस मिला था। इसके बाद 6.40 लाख बच्चों को पोलियो का टीका लगाया जाया है। डब्ल्यूएचओ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इजरायली सेना और फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास ने पोलियो के खिलाफ लगभग 640,000 बच्चों के टीकाकरण की अनुमति देने के लिए गाजा पट्टी में लड़ाई में तीन अलग–अलग, तीन दिवसीय विराम पर सहमति

व्यक्त की है। क्षेत्र के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के वरिष्ठ अधिकारी रिक पीपरकोर्न ने कहा, टीकाकरण अभियान रविवार से शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि अभियान मध्य गाजा में लड़ाई में तीन दिन के विराम के साथ शुरू होगा, फिर दक्षिणी गाजा में चला जाएगा, जहां तीन दिन का विराम होगा, उसके बाद उत्तरी गाजा में। पीपरकोर्न ने कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रत्येक क्षेत्र में मानवीय ठहराव को चौथे दिन तक बढ़ाने पर सहमति बनी है। डब्ल्यूएचओ ने 23 अगस्त को पुष्टि की कि टाइप 2 पोलियो वायरस से कम से कम एक बच्चा लकवाग्रस्त हो गया है, जो 25 वर्षों में क्षेत्र में इस तरह का पहला मामला है। इजरायली सेना की मानवीय इकाई (सीओजीएटी) ने बुधवार को कहा कि टीकाकरण अभियान इजरायली सेना के साथ समन्वय में चलाया जाएगा नियमित मानवीय विराम के हिस्से के रूप में जो आबादी को चिकित्सा केंद्रों तक पहुंचने की अनुमति देगा जहां टीकाकरण किया जाएगा। सीडीसी के अनुसार पोलियो वायरस से संक्रमित कुछ लोगों में बीमारी के गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। वायरस इन लोगों के दिमाग, रीढ़ की हड्डी और नर्वस सिस्टम पर हमला करता है। 200 में से एक संक्रमित को लकवा हो जाता है। लकवा के शिकार 5 से 10 फीसदी मरीजों की मौत हो जाती है। इजराइल और हमास के बीच जारी जंग में मरने वाले फिलिस्तीनियों का आंकड़ा 40 हजार के पार हो गया है। गाजा पर इजराइली हमलों में अब तक 90 हजार से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

गायब होते लोग, शवों के सैकड़ों टुकड़ें, बलूच नागरिकों के नरसंहार के ना पाक साजिश की सच्चाई क्या है ?

बलूच कार्यकर्ता महरंग बलूच ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों से बरामद किए गए जबरन गायब पीड़ितों के क्षत–विक्षत शवों पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे हैरान करने वाला बताया है। उन्होंने आगे दावा किया कि पाकिस्तानी की तरफ से लोगों को जबरन गायब कर दिया जाता है। बहुत पहले पाकिस्तान के क्रॉंतिकारी और व्यवस्था विरोधी कवि हबीब जालिब ने लिखा था...1947 के बाद से आज तक पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत बलूचिस्तान को सबसे तवानग्रस्त इलाका माना जाता है। कहते हैं चोर चोरी करने के बाद अंजाने में ही सही कोई न कोई सुराग जरूर छोड़ जाता है। लेकिन पाकिस्तान एक ऐसा देश है जिसकी सेना बलूचिस्तान में चोरी भी करती है। निर्दोष लोगों की हत्या भी करती है और सारे सबूत भी छोड़ जाती है। पाकिस्तान के एक और गुनाह पर सबसे बड़ा खुलासा हुआ है। ये खुलासा बलूचिस्तान की एक्टविस्ट महरंग बलूच की तरफ से किया गया है। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए दावा किया है कि पाकिस्तान द्वारा बलूच नागरिकों का नरसंहार किया जा रहा है। उनके शवों के टुकड़े कर पाकिस्तान की तरफ से फेंका जा रहा है। बलूच कार्यकर्ता महरंग बलूच ने बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों से बरामद किए गए जबरन गायब पीड़ितों के क्षत–विक्षत शवों पर गहरी चिंता व्यक्त की और इसे हैरान करने वाला बताया है। उन्होंने आगे दावा किया कि पाकिस्तानी की तरफ से लोगों को जबरन गायब कर दिया जाता है। उन्हें वर्षों तक पकड़कर रखा जाता है और फिर उन्हें मार कर उनके क्षत–विक्षत शवों को फेंक दिया जाता है। बलूचिस्तान के विभिन्न इलाकों से जबरन गायब किए गए पीड़ितों के कई क्षत–विक्षत शव बरामद किए गए हैं। यह बेहद चिंताजनक है। राज्य व्यक्तियों को जबरन गायब कर देता है, उन्हें महीनों या वर्षों तक पकड़कर रखता है, फिर उन्हें मार देता है और उनके क्षत–विक्षत शरीरों को फेंक देता है। महरंग ने एक सोशल पोस्ट में कहा कि यह बलूच नरसंहार से कम नहीं है। इस सप्ताह की शुरुआत में बलूच यकजेहती समिति की आयोजक महरंग बलूचने बलूच सदस्यों के जबरन गायब होने पर संयुक्त राष्ट्र के रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि आखिरकार, संयुक्त राष्ट्र पाकिस्तान में गायब हुए लोगों के लिए एक स्टैंड लेता है। पाकिस्तान से जबरन गायब किए जाने के खिलाफ कन्वेंशन की पुष्टि करने का आग्रह करना। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पाकिस्तान से जबरन गायब की जाने वाली घटनाओं को संबोधित करने का आह्वान न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम, बलूचिस्तान के लोगों ने दुनिया को हमारी दुर्दशा देखने के लिए बहुत लंबा इंतजार किया है। हम मुद्दे की भयावहता से निपटने के लिए अधिक पर्याप्त दबाव की उम्मीद कर रहे हैं।द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर संयुक्त राष्ट्र समिति ने पाकिस्तान पर अपने निष्कर्ष जारी किए, और राष्ट्र से जबरन गायब होने की रिपोर्टों की जांच और मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक उपाय करने का आह्वान किया।

रिएक्शन के बीच अल्बनीज सरकार का बड़ा फैसला, अश्वस्ट्रेलिया सेंसस में पहली बार नागरिकों से लैंगिकता के बारे में पूछा जाएगा

मंत्रियों द्वारा समझाने के ठीक एक दिन बाद सरकार ने जनगणना में बदलाव को रद्द कर दिया गया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने घोषणा करते हुए बताया कि सेक्सुअलिटी के बारे में एक प्रश्न वास्तव में 2026 के सर्वेक्षण में शामिल किया जाएगा। ऑस्ट्रेलिया की जनगणना पहली बार नागरिकों से उनकी सेक्सुअलिटी के बारे में पूछेगी। सरकार ने कहा कि एक नीतिगत यू–टर्न का उद्देश्य एलजीबीटीक्यू कम्युनिटी के गुस्से को शांत करना है। समर्थकों ने कहा है कि सेक्सुअल पहचान के बारे में प्रश्न इस बात का अधिक सटीक स्नैपशॉट प्रदान करेंगे कि ऑस्ट्रेलियाई कौन हैं और वे किससे प्यार करते हैं। मंत्रियों द्वारा समझाने के ठीक एक दिन बाद सरकार ने जनगणना में बदलाव को रद्द कर दिया गया है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने घोषणा करते हुए बताया कि सेक्सुअलिटी के बारे में एक प्रश्न वास्तव में 2026 के सर्वेक्षण में शामिल किया जाएगा।उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के सांख्यिकी ब्यूरो ने यौन रुझान के बारे में एक नया प्रश्न विकसित किया है, जिसे अब सर्वेक्षण में शामिल करने से पहले परीक्षण

किया जाएगा। अल्बानीज ने सार्वजनिक प्रसारक एबीसी को बताया कि हमें लगता है कि यह एक सामान्य ज्ञान की स्थिति है। ऑस्ट्रेलिया में जनगणना पूरी करना अनिवार्य है, ऐसा न करने वालों पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा, के लोगों के पास यौन रुझान के सवाल का जवाब देने या न देने का विकल्प होगा। यह पूछे जाने पर कि सरकार पीछे क्यों हट गई, अल्बानीज ने कहा कि नहीं, यह पहली बार है जब मुझसे इसके बारे में पूछा गया है। हालाँकि, उन्होंने लिंग पहचान के बारे में एक प्रश्न शामिल करने की योजना का कोई उल्लेख नहीं किया, केवल यह कहा कि जनगणना में बड़े पैमाने पर बदलाव नहीं होंगे। समानता ऑस्ट्रेलिया, एक अधिकार वकालत समूह, ने कहा कि अब यह स्पष्ट नहीं है कि जनगणना ट्रांस और लिंग–विविध लोगों के साथ–साथ लिंग विशेषताओं की जन्मजात विविधता वाले लोगों को कैसे प्रभावित करेगी।

उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले साक्षात्कार में किया नीतिगत बदलावों का बचाव, ट्रंप ने एक शब्द में निकाल दी बडे–बडे दावों की हवा

मिशिगन के पॉटरविले में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने अकेले इंटरव्यू न करने को लेकर भी हैरिस का मजाक उड़ाया। गौर करने वाली बात ये है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा चुनाव से बैकआउट करने की घोषणा के बाद पहली बार हैरिस ने किसी साक्षात्कार में हिस्सा लिया। ट्रम्प ने साक्षात्कार के लिए वाल्ज के साथ बैठने के लिए हैरिस पर कटाक्ष किया, उन्होंने 2016 में भी वही किया, जब उन्होंने अपने पूर्व साथी और पूर्व–वीपी माइक पेंस के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में भाग लिया।पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के बहुप्रतीक्षित इंटरव्यू का जिक्र करते हुए इसे बोरिंग बताया। हैरिस–वाल्ज सीएनएन पर टेलीकास्ट इंटरव्यू को लेकर ट्रम्प ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया ट्रुथसोशल के जरिए दी। उन्होंने इसे ऊबाउ बताते हुए कहा कि आगे कुछ भी इस पर बोलने लायक नहीं है। इंटरव्यू से पहले ट्रंप ने डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के खिलाफ हमलों की झड़ी लगा दी। मिशिगन के पॉटरविले में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने अकेले इंटरव्यू न करने को लेकर भी हैरिस का मजाक उड़ाया। गौर करने वाली बात ये है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा चुनाव से बैकआउट करने की घोषणा के बाद पहली बार हैरिस ने किसी साक्षात्कार में हिस्सा लिया। ट्रम्प ने साक्षात्कार के लिए वाल्ज के साथ बैठने के लिए हैरिस पर कटाक्ष किया, उन्होंने 2016 में भी वही किया, जब उन्होंने अपने पूर्व साथी और पूर्व–वीपी माइक पेंस के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में भाग लिया। डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस व्हाइट हाउस में अपने अभियान के पहले प्रमुख टेलीविजन साक्षात्कार करती नजर आईं। जहां उन्होंने अमेरिकी लोगों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने और अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर दोषारोपित विभाजनों पर पन्ने पलटने का वादा किया। हैरिस ने कहा कि लोग आगे बढ़ने के नए रास्ते

के लिए तैयार हैं और उन्होंने मध्यम वर्ग को समर्थन देने और मजबूत करने की कसम खाई। मैं आपको सबसे पहले बताऊंगी कि मेरी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मध्यम वर्ग को समर्थन और मजबूत करने के लिए हम जो कर सकते हैं वह करना है। उन्होंने अपने साथी टिम वाल्ज के साथ सीएनएन के डाना बैश में कहा कि जब मैं आकांक्षाओं, लक्ष्यों को देखती हूं, अमेरिकी लोगों की महत्वाकांक्षाओं को देखते हुए, मुझे लगता है कि लोग एक नए तरीके से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं, जिससे अमेरिकियों की पीढ़ियां – आशा और आशावाद से प्रेरित होती रही हैं। हैरिस ने सीएनएन संग इंटरव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि पिछले दशक में दुख की बात है कि हमारे पास पूर्व राष्ट्रपति के रूप में कोई ऐसा व्यक्ति है जो वास्तव में एक ऐसे एजेंडे और माहौल को आगे बढ़ा रहा है जो अमेरिकियों के रूप में हमारे चरित्र और ताकत को कम करने के बारे में है। वास्तव में हमारे देश को विभाजित कर रहा है। और मुझे लगता है कि लोग इस पर पन्ना पलटने के लिए तैयार हैं। 59 वर्षीय उपराष्ट्रपति ने अपने राष्ट्रपति पद के तहत आर्थिक ष्कुप्रबंधनष के लिए भी ट्रम्प को दोषी ठहराया, और मुद्रास्फीति के स्तर को 3 प्रतिशत से नीचे लाने के लिए बिडेन प्रशासन को श्रेय दिया।

यूक्रेनी सेना का रूस पर बड़ा अटैक, तोपखाने डिपो, 2 तेल भंडारण सुविधाओं को बनाया निशाना

रूसी अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यूक्रेनी ड्रोन के कारण रोस्तोव तेल डिपो में आग लग गई और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जबकि किरोव क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर सोकोलोव ने कहा कि कोटेलनिच शहर में एक तेल उत्पाद डिपो पर ड्रोन हमले के कारण आग नहीं लगी या कोई हताहत नहीं हुआ। यूक्रेन की सीमा से लगे वोरोनिश में, गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन के मलबे के कारण ष्विस्फोटक वस्तुओं के पासष आग लग गई, लेकिन उनमें विस्फोट नहीं हुआ।यूक्रेन की सेना ने गुरुवार को कहा कि उसने रूस में एक तोपखाने डिपो और दो तेल भंडारण सुविधाओं पर हमला किया था,

जिससे बुधवार को दक्षिणी रोस्तोव क्षेत्र में एटलस तेल डिपो में आग लग गई। सेना ने कहा कि उसने यूक्रेन की सीमा से लगभग 1,500 किमी (930 मील) उत्तर–पूर्व में रूस के किरोव क्षेत्र में जेनिट तेल सुविधा पर भी हमला किया था। टेलीग्राम ऐप पर उसी संदेश में यह भी जोड़ा गया कि रूसी क्षेत्र वोरोनिश में एक फील्ड आर्टिलरी डिपो पर भी हमला किया गया था। रूसी अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि यूक्रेनी ड्रोन के कारण रोस्तोव तेल डिपो में आग लग गई और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, जबकि किरोव क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर सोकोलोव ने कहा कि कोटेलनिच शहर में एक तेल उत्पाद डिपो पर ड्रोन हमले के कारण आग नहीं लगी या कोई हताहत नहीं हुआ। यूक्रेन की सीमा से लगे वोरोनिश में, गवर्नर अलेक्जेंडर गुसेव ने कहा कि यूक्रेनी ड्रोन के मलबे के कारण ष्विस्फोटक वस्तुओं के पासष आग लग गई, लेकिन उनमें विस्फोट नहीं हुआ। कीव का कहना है कि उसके हमलों का उद्देश्य मॉस्को के युद्ध प्रयासों की कुंजी ऊर्जा, परिवहन और सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करना है। दोनों पक्ष रूस द्वारा अपने पड़ोसी पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण के कारण शुरू हुए 30 महीने पुराने युद्ध में नागरिकों को निशाना बनाने से इनकार करते हैं।

डब्ल्यूएचओ ने पोलियो टीकाकरण के लिए गाजा में लड़ाई में सीमित विराम की घोषणा की

फलस्तीनी क्षेत्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि रिक पीपरकॉर्न ने कहा कि युद्धग्रस्त क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तीन दिन तक की विराम अवधि के दौरान टीकाकरण अभियान रविवार को मध्य गाजा में शुरू होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि गाजा में लड़ाई में सीमित विराम दिया जाएगा ताकि लाखों बच्चों को पोलियो

का टीका लगाया जा सके। यह घोषणा फलस्तीनी क्षेत्र में 25 वर्षों में पहली बार एक बच्चे में पोलियो के संक्रमण की पुष्टि होने के बाद की गई है।फलस्तीनी क्षेत्रों में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि रिक पीपरकॉर्न ने कहा कि युद्धग्रस्त क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में तीन दिन तक की विराम अवधि के दौरान टीकाकरण अभियान रविवार को मध्य गाजा में शुरू होगा।

आंद्रे अगासी पिकलबाल टूर और लीग को हरी झंडी दिखाने के लिए भारत आएंगे

नई दिल्ली, आठ बार के ग्रैंड स्लैम चौंपियन और पूर्व विश्व नंबर 1 टेनिस खिलाड़ी आंद्रे अगासी जनवरी 2025 में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग को हरी झंडी दिखाने के लिए भारत आने वाले हैं, जो एक भव्य टूर है और भारत में प्रतिस्पर्धी पिकलबॉल का रोमांच लाएगा।इंडियन टूर एंड लीग पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग (पीडब्लूआर) के साथ–साथ पीडब्लूआर वर्ल्ड टूर और पीडब्लूआर वर्ल्ड सीरीज द्वारा घोषित नई रैंकिंग संरचना की हालिया घोषणा का अनुसरण करता है।चार ऑस्ट्रेलियन ओपन, एक फ्रेंच ओपन, एक विंबलडन और दो यूएस ओपन सहित आठ ग्रैंड स्लैम एकल खिताब के साथ अपने शानदार टेनिस करियर के लिए माने जाने वाले अगासी ने 1996 के अटलांटा ओलंपिक में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इस उद्यम का हिस्सा बनने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया।अपने भारतीय प्रशंसकों के लिए एक विशेष वीडियो संदेश में, अगासी ने कहा, मैं भारत का दौरा करने और इसके प्रशंसकों के लिए पिकलबॉल का उत्साह लाने के लिए उत्साहित हूं। मैं पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि यह देश में एक बड़ी सफलता होगी।अगासी की आगामी यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, पीडब्लूआर के सीईओ और संस्थापक, प्रणव कोहली ने कहा, आंद्रे अगासी का भारत में स्वागत करते हुए हम बिल्कुल रोमांचित हैं क्योंकि वह पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग को हरी झंडी दिखाने भारत आएंगे। उनकी भागीदारी हमारे प्रयासों को जबरदस्त बढ़ावा देती है। भारत और विश्व स्तर पर पिकलबॉल को बढ़ावा देना। खेल के प्रति अगासी का जुनून और खेल की दुनिया में उनकी महान स्थिति निश्चित रूप से खिलाड़ियों और प्रशंसकों को समान रूप से प्रेरित करेगी, और हमें विश्वास है कि यह लीग भारत में पिकलबॉल के लिए नए मानक स्थापित करेगी।विशेष रूप से, पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडियन टूर एंड लीग, पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स (बैटल ऑफ द लीगरू स्टेज 1 सहित) से पहले, पीडब्लूआर 700 का एक कार्यक्रम 24 से 27 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगा।लीग्स की लड़ाई एक अनूठी पीडब्लूआर अवधारणा है जिसमें शौकीनों के लिए टीम–आधारित प्रतियोगिता शामिल है। इवेंट पार्टनर्स में डीयूपीआर, माइनर लीग पिकलबॉल, पिकलबॉल यूनाइटेड, फैंसप्ले, इंडियन पिकलबॉल एसोसिएशन, एशियन पिकलबॉल एसोसिएशन और ग्लोबल पिकलबॉल फेडरेशन शामिल हैं। 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के अलावा, बैटल ऑफ द लीग्स की प्रत्येक श्रेणी में विजेता टीमें संयुक्त राज्य अमेरिका में डीयूपीआर नेशनल्स में एक स्थान सुरक्षित करेंगी, जिसमें पीडब्लूआर उनकी यात्रा और आवास खर्चों को कवर करेगा। पिछले महीने, पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग (पीडब्लूआर), पीडब्लूआर वर्ल्ड सीरीज (पीडब्ल्यूएस), और पीडब्लूआर वर्ल्ड टूर दुबई में लॉन्च किया गया था, जिसमें जीसीसी को फरवरी 2025 में पहली पीडब्लूआर वर्ल्ड सीरीज के लिए मेजबान क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया था।

कोलकाता मोहन बागान की निगाहें पहली बार फाइनलिस्ट नार्थईस्ट युनाइटेड के खिलाफ रिकार्ड 18वां खिताब जीतने पर

कोलकाता, एक रोमांचक और गहन प्रतियोगिता के महीने के बाद, प्रतिष्ठित डूरंड कप अपने चरम पर पहुंच गया है। इस प्रतियोगिता के 133वें संस्करण में, ग्रैंड फिनाले में मोहन बागान एसजी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी चौंपियन बनने के लिए आमने–सामने होंगे।भारत भर के फुटबॉल प्रशंसक उत्सुकता से इस हाई–स्टेक मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं, जो शनिवार, 31 अगस्त को शाम 5रू30 बजे कोलकाता के विवेकानन्द युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा।मौजूदा चौंपियन, मोहन बागान एसजी, शनिवार को अंतिम मुकाबले में अपने खिताब की रक्षा करने के लिए तैयार है। रिकॉर्ड 17 बार के डूरंड कप चौंपियन के रूप में, वे इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे अधिक डूरंड कप खिताब जीतने वाली टीम के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए अपने 18वें खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं।मेरिनर्स ने ग्रुप चरण में अपना दबदबा बनाए रखा और सात गोल करके अपने सभी मैच जीते और एक भी गोल नहीं खाया, जिससे उनका लचीलापन और प्रभुत्व दिखा। वे क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जहां उनका सामना एक रोमांचक मैच में पंजाब एफसी से हुआ, जो निधारित समय में 3–3 से बराबरी पर समाप्त हुआ और बागान ने पेनल्टी शूट आउट में जीत हासिल की। सेमीफाइनल में, सामान्य समय में रोमांचक मुकाबला 2–2 से ड्रा रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में विशाल कैथ की वीरता ने कोलकाता के दिग्गजों को लगातार दूसरे डूरंड कप फाइनल में जगह दिला दी।मोहन बागान के आक्रमण की अगुवाई जेसन कमिंग्स, दिमित्री पेट्राटोस और लिस्टन कोलासो कर रहे हैं, जबकि अनिरुद्ध थापा और सहल अब्दुल समद मिडफील्ड में महत्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रहे हैं। उनकी रक्षा अल्बर्टो, थॉमस एल्ड्रेड और सुभाशीष बोस और हर बार के भरोसेमंद विशाल कैथ जैसे खिलाड़ियों द्वारा की गई है, जो सभी विपक्षी हमलों को रोकने में महत्वपूर्ण रहे हैं।नॉर्थईस्ट युनाइटेड एफसी ने सेमीफाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी शिलांग लाजोंग को हराकर पहली बार डूरंड कप फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। ग्रुप चरण में भी द हाईलैंडर्स का दबदबा रहा और उसने 10 गोल के साथ सभी तीन मैच जीते जबकि सिर्फ एक गोल खाया। रणनीतिज्ञ जुआन पेड्रो बेनाली के मार्गदर्शन में, उन्होंने क्वार्टर फाइनल में भारतीय सेना को आसानी से हराकर अपने सामरिक कौशल और रक्षात्मक दृढ़ता का प्रदर्शन किया। शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ नॉर्थईस्टर्न डर्बी में, नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने सेमीफाइनल में 3–0 से शानदार जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टीम की मुख्य ताकत गुइलेर्मो फर्नांडीज और जितिन एमएस द्वारा उजागर की गई है, जो प्रतियोगिता में दूसरे सबसे बड़े स्कोरर के रूप में बराबरी पर हैं, जिससे उनका आक्रमण गौरव की तलाश में एक महत्वपूर्ण संपत्ति बन गया है।प्रशंसक बेसब्री से मोहन बागान एसजी और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के बीच मुकाबले का इंतजार कर रहे हैं, जिन्होंने बाधाओं को पार करते हुए पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का लक्ष्य डूरंड कप को अपनी ट्रॉफी कैबिनेट में शामिल करना

फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए आस्ट्रेलिया की टीम घोषित

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को 2026 फीफा विश्व कप के लिए सॉकरोस के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैचों के लिए 24 खिलाड़ियों की टीम की घोषणा की।

कोच ग्राहम अर्नोल्ड ने बहरीन और इंडोनेशिया के खिलाफ सितंबर के विश्व कप क्वालीफायर के लिए एक विस्तारित टीम की घोषणा की, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं।

5 सितंबर को गोल्ड कोस्ट में बहरीन और 10 सितंबर को जकार्ता में इंडोनेशिया के खिलाफ मैच 2026 विश्व कप के लिए एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) क्वालीफाइंग के तीसरे दौर में सॉकरोस के लिए पहला मैच होगा।

क्रेग गुडविन ने पसली की चोट से वापसी की है जिसके कारण वह जून में बांग्लादेश और फलस्तीन के खिलाफ जीत से बाहर हो गए थे। 32 वर्षीय अल वेहदा विंगर ने दो बार स्कोर किया था और सऊदी प्रो लीग सीजन के पहले दो मैचों में सहायता प्रदान की थी।कप्तान और पहली पसंद के गोलकीपर मैट रयान, जिन्होंने जुलाई में इतालवी टीम रोमा के साथ अनुबंध किया था, जून में आराम करने के बाद टीम में लौट आए। डिफेंडर लुईस मिलर और मिडफील्डर एडेन ओनील (दोनों यूरोप में रहते हैं) को चोट के कारण जून के मुकाबलों से चूकने के बाद चुना गया है।

18 वर्षीय उभरते सितारे नेस्टोरी इरनकुंडा ने बायर्न म्यूनिख के साथ मध्य सप्ताह के प्रशिक्षण के दौरान लगी चोट पर काबू पा लिया है और उन्हें टीम में शामिल किया गया है।

अर्नोल्ड ने एक बयान में कहा कि सॉकरोस के लिए तीसरे दौर के क्वालीफाइंग चरण की जोरदार शुरुआत करना बेहद महत्वपूर्ण था।

उन्होंने कहा, तीसरे दौर की शुरुआत में दो सकारात्मक नतीजे न केवल समूह के भीतर विश्वास पैदा करते हैं बल्कि हमें बड़ी गति देते हैं क्योंकि हम लगातार तीन विंडो में आगे बढ़ते हैं। हमारे पास ऐसे खिलाड़ियों का एक अच्छा मिश्रण है जो पहले क्वालीफिकेशन के इस चरण से गुजर चुके हैं और हमारी टीम के कुछ युवा सदस्यों के लिए नेतृत्व कर सकते हैं, उनका अनुभव इस पूरी यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बहरीन और इंडोनेशिया के अलावा, एएफसी तीसरे दौर के क्वालीफाइंग के ग्रुप सी में सॉकरोस को चीन, जापान और सऊदी अरब के खिलाफ रखा गया है।

समूह की शीर्ष दो टीमें 2026 विश्व कप के लिए स्वचालित रूप से क्वालीफाई कर लेंगी, जबकि तीसरी और चौथी रैंकिंग वाली टीमें क्वालीफाइंग के चौथे दौर में पहुंचेंगी। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य लगातार छठे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है।

सनसनीखेज सिनर ने मिशेलसन पर दूसरे दौर में आसान जीत दर्ज की

न्यूयॉर्क, दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर ने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6–4, 6–0, 6–2 से सीधे सेटों में हराकर यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। इस जीत के साथ, सिनर ने सीजन की अपनी 50वीं जीत और हार्ड कोर्ट पर टूर–अग्रणी 30वीं जीत हासिल की।गुरुवार दोपहर को आर्थर ऐश स्टेडियम में सिनर की क्लिनिकल जांच की गई, जिससे संभावित रूप से मुश्किल मुकाबले को एक नियमित जीत में बदल दिया गया क्योंकि उन्होंने 49वीं रैंकिंग वाले नेक्स्टजेनएटीपी स्टार को हरा दिया।शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 2024 का आनंद लिया है, जिसमें उसने ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले प्रमुख खिताब सहित पांच खिताब जीते हैं। 23 वर्षीय इटालियन ने स्वतंत्र रूप से हिट किया और अपने वजन और शॉट की गहराई से मिशेलसन को गलतियाँ करने के लिए मजबूर किया और इस महीने 20 वर्षीय के खिलाफ अपनी दूसरी जीत हासिल की।सिनर, जिन्होंने सिनसिनाटी में खिताब के रास्ते में अपनी पहली एटीपी आमने–सामने की भिड़ंत में मिशेलसन को हराया था, लगातार चौथे साल यूएस ओपन के तीसरे दौर में हैं और उनका अगला मुकाबला क्रिस्टोफर ओकोनेल से होगा।सिनर ने जीते गए आठ ब्रेक पॉइंट में से 50 प्रतिशत को भुनाया जबकि मिशेलसन ने केवल दो जीते। सिनर ने पहली सर्विस पर आश्चर्यजनक 81 फीसदी अंक जीते, जो मिशेलसन के 65 फीसदी से काफी अधिक थे, उसकी सफलता में एक महत्वपूर्ण कारक था। युवा अमेरिकी ने पांच डबल फॉल्ट किए।सिनर ने नेट पर भी मिशेलसन से बेहतर प्रदर्शन किया और मिशेलसन के 33 फीसदी की तुलना में अपने 75 प्रतिशत अंक जीते।सिनर ने मिशेलसन के खिलाफ अपेक्षाकृत धीमी शुरुआत की और अपने पहले गेम में सर्विस गंवा दी। हालाँकि, उन्होंने पहले सेट के अंतिम चरण में बेसलाइन से अधिक तीव्रता से प्रहार किया और नौवें गेम में पहले सेट का निर्णायक ब्रेक हासिल किया।वहां से, इटालियन ने मिशेलसन की गहराई की कमी का फायदा उठाते हुए अमेरिकी के पछाड़ दिया, जिसने 31 अप्रत्याशित गलतियां कीं और एक घंटे 40 मिनट के बाद जीत हासिल की। न्यूयॉर्क में सिनर का सबसे अच्छा परिणाम 2022 में आया जब वह अंतिम चौंपियन कार्लोस अल्काराज के खिलाफ पांच सेट, पांच घंटे के क्वार्टर फाइनल में हार गए।इससे पहले, चेक गणराज्य के टॉमस मचाक ने 16वीं वरीयता प्राप्त सेबेस्टियन कोर्डा को 6–4, 6–2, 6–4 से हराकर पहली बार हार्ड–कोर्ट मेजर के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

इटालियन माटेओ अर्नाल्डी भी आगे बढ़े, उन्होंने रोमन सफीउलिन को 6–2, 6–4, 6–4 से हराकर अपना प्रभावशाली वर्ष जारी रखा।दुनिया के 30वें नंबर के खिलाड़ी अर्नाल्डी का अगला मुकाबला जॉर्डन थॉम्पसन से होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सातवीं वरीयता प्राप्त ह्यूबर्ट हर्काज को 7–6(2), 6–1, 7–5 से हराया। मचाक का मुकाबला डेविड गोफिन या एड्रियन मन्नारिनो से होगा।

विनेश फोगाट ने स्वर्ण मंदिर में शक्ति, साहस के लिए प्रार्थना की

अमृतसर,ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट, जिन्हें पेरिस खेलों में 50 किग्रा के फाइनल मैच से अयोग्य घोषित कर दिया गया था, ने शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर के नाम से मशहूर सिखों के सबसे पवित्र स्थल हरमंदिर साहिब का दौरा किया और कहा कि उन्होंने ताकत और साहस के लिए प्रार्थना की।पूजा–अर्चना के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि यहां आकर उन्हें अच्छा महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा, मैं एक सकारात्मक ऊर्जा महसूस कर रही हूं। मैंने वाहेगुरु से मुझे शक्ति और साहस देने की प्रार्थना की। हमारे सभी प्रियजन स्वस्थ रहें, हमारा देश सुरक्षित रहे और प्रगति करता रहे। मैंने वाहेगुरु से हमारा मार्गदर्शन करने और मानवता के लिए सही दिशा में काम करने में मदद करने का आशीर्वाद मांगा है।भगवा टोपी पहने और हरे रंग की पैटर्न वाली सफेद सलवार पहने पहलवान ने अपने पति सोमवीर राठी के साथ सिख धर्म के सबसे पवित्र मंदिर में प्रार्थना की, जहां हर साल लाखों लोग आते हैं।सिर ढककर पहलवान ने सिखों के पवित्र ग्रंथ के सामने सिर झुकाया।शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी), सिख धार्मिक मामलों की लघु संसद, जो स्वर्ण मंदिर सहित गुरुद्वारे को नियंत्रित करती है, के कार्यकर्ता यात्रा के दौरान पहलवान के साथ थे।एकजुटता दिखाते हुए तख्त दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने उन्हें स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति, सोने की परत चढ़ी कृपाण और किताबों का एक सेट देकर सम्मानित किया। उन्होंने पहलवान को देश का नाम रोशन करने वाली बेटी बताया।ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा, उसने हमारे लिए स्वर्ण पदक जीता।फोगाट परिवार ने धूप से सराबोर और चमचमाते पूर्ण स्वर्ण–गर्भगृह में प्रवेश करने से पहले परिक्रमा (संगमरमर वाली परिधि के चारों ओर घूमना) की।उन्होंने सिखों के पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब के सामने सिर झुकाया, जिन्हें जीवित गुरु माना जाता है।एक दिन पहले, विनेश फोगाट, जो उन ओलंपिक खिलाड़ियों में शामिल थीं, जिन्हें जालंधर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा 2.5 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, ने कहा, ष्यदि आप मेरे जैसा विजेता बनना चाहते हैं, तो आपको मेरे जैसा पागल बनना होगा।ष्फोगाट को 100 ग्राम अधिक वजन के कारण महिलाओं के 50 किलोग्राम कुश्ती वर्ग से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। बाद में पदक जीतने की उनकी तलाश तब समाप्त हो गई जब कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने संयुक्त रजत पदक के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी।

मुचोवा ने दो बार की विजेता ओसाका को दूसरे दौर में किया बाहर

न्यूयॉर्क, चेक खिलाड़ी कैरोलिना मुचोवा ने दो बार की चौंपियन नाओमी ओसाका के यूएस ओपन अभियान को दूसरे दौर में 6–3, 7–6(5) से जीत के साथ समाप्त कर दिया और तीसरे दौर में पहुंच गईं।मुचोवा की प्रतिद्वंद्वी 38वें नंबर की अनस्तासिया पोटापोवा हैं, जिन्होंने पहले दौर में 2021 यूएस ओपन फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज को हराया, साथ ही दूसरे दौर में 199वें नंबर की अमेरिकी वरवारा लेपचेंको को हराया। ओसाका ने अपने विशिष्ट फॉर्म के साथ मैच की शुरुआत की और आसानी से सर्विस बरकरार रखी। मुचोवा ने अपनी पहली ही सर्व के पीछे नेट पर आक्रमण किया। ओसाका को पहला ब्रेक मौका तीसरे गेम में मिला जब उसकी प्रतिद्वंद्वी 1–2 पर सर्विस कर रही थी। वह कन्वर्ट करने में कामयाब नहीं हुई, लेकिन उसने अपना अगला सर्विस गेम लव में जीत लिया। पहले सेट के बीच में, जब ओसाका 3–3 पर सर्विस कर रही थी, मुचोवा ने एक सफल नेट चार्ज और उसके बाद एक आश्चर्यजनक ड्रॉप शॉट मारकर उसकी सर्विस तोड़ दी। उस गति को आगे बढ़ाते हुए, मुचोवा ने तुरंत सर्विस बरकरार रखी और 5–3 से आगे हो गई। ओसाका की सर्विस दोबारा तोड़कर मुचोवा ने 6–3 से सेट अपने नाम कर लिया।दूसरे सेट की शुरुआत में, मुचोवा ने अपने 10 नेट पॉइंट में से सात जीते, 15 विनर और छह एस लगाए। 3–3 से बराबरी पर, ओसाका के आँकड़े ठोस थे, केवल तीन नेट अंक (छह में से) जीते , नौ विनर और चार एस लगाए।फिर, 4–4 से बराबरी पर, जापानी खिलाड़ी ने अपने खेल की शैली को बदलते हुए, बड़े, बोल्ड शॉट्स की ओर रुख किया। मुचोवा, जो सर्विस कर रही थी, ने लगातार दो वॉली फेंकी, जिससे उसकी प्रतिद्वंद्वी को दो ब्रेक प्वाइंट मिले। ओसाका ने दूसरा पकड़ लिया और खुद को 5–4 पर सर्विस करते हुए पाया। 5–6 पर फिर से सर्विस करते हुए ओसाका ने गेम जीत लिया। इसलिए टाईब्रेक से सेट का फैसला होगा और मुचोवा ने सर्व और वॉली से इसकी शुरुआत की। ओसाका ने कुछ जबरदस्त फोरहैंड लगाकर स्कोर 4–2 कर दिया, लेकिन फिर डबल फॉल्ट कर दिया। 6–4 पर, मुचोवा ने अपना पहला मैच पॉइंट अर्जित करने के लिए एक अविश्वसनीय पासिंग शॉट मारा। ओसाका बच गई लेकिन अगले ही अंक पर हार गई और मुचोवा ने सेट 7–6(5) से जीतकर मैच अपने नाम किया।

सिर में हाथ फेरते वक्त हाथ में आ जाते हैं बाल ? रोकने के लिए तुरंत करें ये काम

अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए लोग काफी कोशिश करते हैं. लेकिन फिर भी बाल झड़ते रहते हैं. बालों का झड़ना एक आम समस्या है, लेकिन अगर बाल लगातार झड़ रहे हैं, तो यह एक बड़ी समस्या हो सकती है. ऐसे में अगर आपके बाल भी लगातार झड़ने लगे हैं, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है. क्योंकि आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिसकी मदद से आप झड़ते बालों को कम कर सकते हैं. आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में.

झड़ते बालों को कम करने के उपाय

अगर आप भी बालों में हाथ फेरते हैं और ऐसा करते वक्त आपके हाथ में बाल आ जाते हैं, यानी आपके बाल लगातार झड़ रहे हैं और रुकने का नाम नहीं लेते हैं, तो अब आप इन आसान टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. झड़ते बालों को रोकने के लिए सबसे पहले आपको नीम का इस्तेमाल करना होगा.

नीम के ताजे पत्ते का इस्तेमाल

आप नीम के ताजे पत्ते को एक बर्तन में रखकर उसमें थोड़ा पानी डालकर गैस पर उस पानी को उबाल सकते हैं. जब पानी आधा हो जाए, तो फिर इस पानी से अपने बालों को धो सकते हैं. आप इस पानी में शैंपू डालकर हेयर वॉश भी कर सकते हैं. इससे आपके बाल मजबूत बनेंगे और झड़ना कम होगा.

मेथी दाने का इस्तेमाल

मेथी दाना आपके बालों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है. आप मेथी दाने का इस्तेमाल कर अपने बालों को मजबूत बना सकते हैं. यही नहीं मेथी दाना आपके बालों को शाइनिंग देता है. ऐसे में आप मेथी दाने को रात में पानी में भिगोकर रख दें. दूसरे दिन सुबह इसे पीसकर पेस्ट बना ले. इस पेस्ट को अपने बालों पर लगाएं और आधे घंटे के बाद हेयर वॉश कर लें.

अंडे का इस्तेमाल अगर आप झड़ते बालों को रोकना चाहते हैं, तो अंडा आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है. आप अंडे का इस्तेमाल कर अपने बालों को मजबूत बना सकते हैं. इसके लिए आपको एक अंडे को फैट कर बालों में लगाना होगा. आधे घंटे के बाद आप हेयर वॉश कर सकते हैं. बाल अधिकतर तनाव, नींद की कमी, कमजोरी और स्वस्थ आहार का सेवन नहीं करने की वजह से झड़ने लगते हैं. आप अपनी डाइट में प्रोटीन, विटामिन, आयरन, खनिज जैसे स्वस्थ आहार को शामिल करें और दिनभर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीएं. यही नहीं भरपूर नींद भी लेना बालों के झड़ने को रोकने के लिए बहुत जरूरी होता है. इससे आपके बाल मजबूत होंगे. इन सभी चीजों का इस्तेमाल कर आप अपने झड़ते बालों को कम कर सकते हैं.

हल्के में न लें बार–बार पेट खराब होने की परेशानी, हो सकती है सीरियस बीमारी

पेट खराब होना काफी आम होता है. पेट दर्द और कब्ज की वजह से ऐसा हो सकता है. कई बार खराब खाने–पीने की वजह से भी पेट में खराबी आ सकती है. लेकिन अगर ये समस्या लंबे समय तक बनी रहे तो अलर्ट हो जाना चाहिए. इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं. सही समय पर इसका इलाज करवाना चाहिए, वरना कई गंभीर बीमारियों का खतरा हो सकता है. यहां जानिए पेट खराब होने के 6 मुख्य कारण...

बार–बार पेट खराब होने के 6 कारण

वायरल डायरिया

वायरल डायरिया के नॉर्मल कंडीशन है, जो आमतोर पर अपने आप ही ठीक हो जाती है. अगर संक्रमित खाना और पानी का सेवन करते हैं तो वायरल डायरिया हो सकता है. जिसकी वजह से बार–बार पेट खराब हो सकता है.

पेप्टिक अल्सर डिजीज

पेट की परत में अल्सर के कारण भी लगातार पेट दर्द और इससे जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं. अगर बार–बार पेट खराब हो रहा है तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और तुरंत जाकर डॉक्टर से मिलना चाहिए.

फूड एलर्जी

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम्स की वजह से खाना को सही तरह पचा पाना मुश्किल होता है, जो पेट खराबी का एक कारण हो सकता है. अगर बार–बार पेट खराब हो रहा है तो आपको फूड एलर्जी भी हो सकती है.

खतरनाक बीमारियां

पेट की परेशानी या बार–बार पेट खराब होना कैंसर जैसी खतरनाक बीमारियों का संकेत भी हो सकता है. इसलिए सावधान रहना चाहिए, खानपान का ध्यान रखना चाहिए और इस तरह की समस्याओं को हल्के में नहीं लेना चाहिए.

खराब खानपान

अल्ट्रा हाई प्रोसेस्ड फूड्स जैसे ब्रेड, पास्ता, बिस्कुट, नूडल्स, केक या मसालेदार, फैटी खाना या खाने का सही टाइम न होने की वजह से भी पेट में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती है.

लाइफस्टाइल में बदलाव

खराब लाइफस्टाइल की वजह से भी पेट में खराबी आ सकती है. तनाव, शराब या धूम्रपान का ज्यादा सेवन पेट को खराब हो सकता है. इसकी वजह से पेट में असहनीय दर्द भी हो सकती है.

पेट की सेहत का ख्याल कैसे रखें

1. घर पर बना खाना ही खाएं,
2. हरी सब्जियां, फल और दही डाइट में शामिल करें.
3. प्रोसेस्ड, मसालेदार और ऑयली चीजों से दूरी बनाएं.
4. शराब और तंबाकू का सेवन न करें.
5. तनाव को मैनेज करना सीखें.
6. लाइफस्टाइल को बेहतर बनाएं.

हारर कामेडी फिल्म स्त्री 2 थमने को नहीं तैयार, 13 दिनों में रचा इतिहास, ब्लाकबस्टर फिल्म एनिमल–गदर 2 धूम 2 के तोड़े रिकार्ड

इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 का कब्जा देखने को मिल रहा है। फिल्म ने उम्मीद से कहीं बढ़कर कमाई की है। यही वजह है कि अपनी रिलीज के दूसरे हफ्ते में भी यह ताबड़तोड़ कमाई कर रही है।यह फिल्म पहले ही दिन से कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ती दिख रही है।आइए जानते हैं अब तक फिल्म कौन–कौन से रिकॉर्ड बना चुकी है और तोड़ चुकी है।

बॉलीवुड में अब तक न जाने कितनी हॉरर कॉमेडी फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन किसी को भी इतनी बड़ी ओपनिंग नहीं मिली। स्त्री 2 बॉलीवुड की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म है।इसने 51.8 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था, वहीं इससे पहले हिंदी में किसी भी सीक्वल फिल्म ने इतनी कमाई नहीं की थी।पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला केंद्रित फिल्म का रिकॉर्ड भी स्त्री 2 के पास है।

फिल्म ने दूसरे दिन ही 100 करोड़ की कमाई कर ली। इसके साथ स्त्री 2 सबसे तेज 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली छठवीं फिल्म बनी।तीसरे दिन भी इसने सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शीर्ष–10 फिल्मों की सूची में जगह बनाई। स्त्री 2, पठान, जवान, गदर 2 और सुल्तान के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली चौथी फिल्म बनी।छठवें दिन 26 करोड़ की कमाई के साथ यह सबसे तेज 250 करोड़ कमाने वाली चौथी फिल्म बनी।

10वें दिन यानी दूसरे शनिवार को स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 33.80 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया।इस मामले में इससे पहले तक रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल सबसे आगे थी, जिसने रिलीज के 10वें दिन 32.47 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इसके बाद गदर 2 थी, जिसने 31.07 करोड़ रुपये बटोरे थे, लेकिन इन दोनों ही बड़ी फिल्मों को स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धोबी पछाड़ दी।



स्त्री 2 ने दूसरे रविवार को भी ऐसी कमाई की थी, जो कोई बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर फिल्म नहीं कर पाई।इस फिल्म ने दूसरे रविवार को 42 करोड़ रुपये कमाए और इसके साथ ही इसने सनी देओल की गदर 2 से लेकर शाहरुख खान की जवान तक कई बड़ी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया।अभी तक दूसरे रविवार को सबसे ज्यादा कलेक्शन करने का रिकॉर्ड गदर 2 के नाम था। इस फिल्म ने दूसरे रविवार को 38.9 करोड़ रुपये बटोरे थे।

फिल्म ने सातवें दिन दुनियाभर में 400 करोड़ का आंकड़ा पार किया और 10वें दिन दुनियाभर में 500 करोड़ की कमाई का आंकड़ा पार किया। इसी के साथ यह सबसे तेज 400 करोड़ और 500 करोड़ रुपये कमाने वाली बॉलीवुड फिल्मों में शामिल हो गई।

सैकनिल्क के मुताबिक स्त्री 2 ने रिलीज के 13वें दिन 11. 5 करोड़ रुपये की कमाई की है।

13वें दिन भी स्त्री 2 ने गदर 2, धूम 2 और एनिमल जैसी कई फिल्मों को धूल चटाई है।रिपोर्ट के मुताबिक बाहुबली 2 ने 13वें दिन 17.25 करोड़ की कमाई की थी जवान ने 13वें दिन 12.9 करोड़ का कारोबार किया था। ऐसे में स्त्री 2 13वें दिन तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है।

कल्कि 2898 एडी का दबदबा कायम, ओटीटी प्लेटफार्म पर मिला दूसरा स्थान

27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी 22 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो और नेटफ्लिक्स पर जारी की गई। कल्कि 2898 एडी के बहुप्रतीक्षित डिजिटल डेब्यू को ओटीटी दर्शकों ने शानदार समीक्षा दी है।कल्कि 2898 एडी में प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, दिशा पाटनी के अलावा भी कई अभिनेताओं ने अहम भूमिका निभाई है। कल्कि 2898 एडी एक बार फिर से सुर्खियों में है। फिल्म को ओटीटी पर रिलीज किया जा चुका है और प्रशंसकों को यह फिल्म बेहद पसंद भी आ रही है। फिल्म कल्कि 2898 एडी साल 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली। अगर आप किसी कारण से थियेटर्स में इसे नहीं देख पाए हैं, तो अब इसे आप ओटीटी पर देख सकते हैं। बता दें यह फिल्म ओटीटी पर 22 अगस्त को ही जारी की जा चुकी है। कल्कि 2898 एडी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ जैसी कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। जबकि फिल्म का हिंदी वर्जन उसी दिन नेटफ्लिक्स पर जारी किया गया था। बता दें नेटफ्लिक्स पर अपने पहले वीकेंड में कल्कि 2898 एडी का हिंदी वर्जन रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म ने दस गैर–अंग्रेजी फिल्मों की सूची में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। कल्कि 2898 एडी की यह उपलब्धि 19–25 अगस्त, 2024 की है। कल्कि 2898 एडी को सिनेमाघरों में भी रिलीज के बाद प्रशंसकों की काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। अब जब फिल्म कल्कि 2898 एडी ओटीटी पर रिलीज हुई है तो इसे ओटीटी पर अभीतक 4.5 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं। प्रशंसक इस हफ्ते फिल्म को टॉप पर देखने की उम्मीद कर रहे हैं। यानी थियेटर रिलीज के लगभग दो महीने बाद ओटीटी पर रिलीज हुई कल्कि 2898 एडी को अब आप ओटीटी पर आसानी से घर बैठे देख सकते हैं। अगर आपने अभी तक नहीं देखी है कल्कि 2898 एडी, तो

डेट जरूर देख लें, कहीं ओटीटी से गायब ना हो जाए फिल्म। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस पौराणिक–विज्ञान कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दिशा पटानी, राजेंद्र प्रसाद, शोभना और बाकी कई सितारों ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित इस फिल्म का साउंडट्रैक संतोष नारायणन द्वारा रचित है। इस फिल्म का सीक्वल कल्कि 2 भी आएगा। अब प्रशंसक इसके सीक्वल के आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सलमान खान और अग्नि का गाना यू आर माइन का टीजर रिलीज, भांजे संग वाइब मैच करते दिखे भाईजान

बॉलीवुड के भाईजान यानि सलमान खान अपनी फिल्मों को लेकर तो सुर्खियों में बने ही रहते हैं. साथ ही उनको पेटिंग और सिंगिंग का भी काफी शौक है. सलमान खान के गाने की झलक तो आप पहले ही देख चुके हैं, कुछ वक्त पहले सलमान ने अपने हाथ की कलाकारी की झलक भी पेंटिंग में दिखाई थी. अब सलमान खान और उनके भांजे अग्नि के एक गाने यू आर माइन्त्र का टीजर वीडियो जारी किया गया है. यह गाना इसलिए भी खास है, क्योंकि गाने में सलमान खान पहली बार अपने भांजे अग्नि अग्निहोत्री के साथ नजर आने वाले हैं.सलमान खान ने हाल ही में श्यू आर माइन्त्र का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें भाईजान को उनके भांजे अग्नि के साथ मस्ती करते हुए दिखाया गया है. क्लिप में देखा जा सकता है कि सलमान खान पेंटिंग में बिजी हैं, तभी अग्नि उनके पास आते हैं और मस्ती में उनके आर्टवर्क के बारे में सवाल पूछते हैं. वीडियो देखने से पता चलता है कि सलमान और अग्नि की जोड़ी एक रोमांचक प्रोजेक्ट लेकर आ रही है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ हैं. सलमान ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर इसका वीडियो भी पोस्ट किया है.लमान खान का यह वीडियो एक मस्ती भरी बातचीत पर आधारित है, जिसमें अग्नि की रैपिंग और सलमान के हल्के–फुल्के कॉमेंट्स हैं, जो कि देखने में काफी दिलचस्प है. श्यू आर माइन्त्र गाने में सलमान खान ने अपनी आवाज दी है और अग्नि ने इसमें रैप किया है. इस गाने के बोल संजीव चतुर्वेदी के साथ मिलकर सलमान खान ने लिखे हैं. गाने को विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है. बता दें ति अग्नि ने कुछ वक्त पहले अपना एक और गाना और म्यूजिक वीडियो पार्टी फीवर रिलीज किया था. अग्नि ने इस गाने को पायल देव के साथ मिलकर गाया था.

सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो सलमान खान की अगली फिल्म सिकंदर है. सिकंदर अगले साल यानि ईद के मौके पर 2025 में रिलीज की जाएगी. इस फिल्म में सलमान खान रश्मिका मंदाना के साथ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला द्वारा प्रोड्यूस किया गया है और एआर मुरुगदास ने डायरेक्ट किया है.

ध्वनि भानुशाली की पहली फिल्म कहां शुरू कहां खतम का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

बॉलीवुड के ऑन–स्क्रीन सनसनी के लिए मंच प्रदान करते हुए भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स ने अपने आगामी युवा फैमिली एंटरटेनर फिल्म कहां शुरू कहां खतम का मोशन पोस्टर आज रिलीज किया। इस फिल्म के जरिए पॉप स्टार वनि भानुशाली म्यूजिक से सिल्वर स्क्रीन की ओर रुख कर रहीं हैं।अपने रिकॉर्ड–ब्रेकिंग चार्टबस्टर्स से लोगों का दिल जीतने के बाद, ध्वनि अब फिल्म डेब्यू कर दर्शकों का दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित और लुका छुपी और मिमी फेम लक्ष्मण उतेकर और ऋषि विरमानी द्वारा लिखित, यह फिल्म ह्यूमर, हार्ट और अप्रत्याशितता के मोड़ का एक आकर्षक मिश्रण होगा।

छावा के साथ, लक्ष्मण उतेकर की कहानी कहने का जादुई अंदाज फिल्म कहां शुरू कहां खतम में एक बार फिर से नजर आयेगा जो यह सवाल पूछता है, क्या अंत वास्तव में शुरुआत है? मस्ती से भरा यह मोशन पोस्टर फिल्म के लीडिंग जोड़ी को दर्शकों से इंट्रोड्यूस करता है जिसमें ध्वनि भानुशाली दुल्हन के अवतार में

और उनके साथ आशिम गुलाटी, जिन्हें आखिरी बार जी करदा और मर्डर मुबारक में देखा गया था।उनकी वाईब्रेंट केमिस्ट्री और प्लेफुल टेंशन भरपूर लाइफ एक अरेंज एक्सीडेंटल लव स्टोरी में बदलने लगती है। फिल्म में सुप्रिया पिलगांवकर, राकेश बेदी, सोनाली सचदेव, राजेश शर्मा, अखिलेंद्र मिश्रा, चितरंजन त्रिपाठी, विक्रम कोचर, हिमांशु कोहली और विकास वर्मा जैसे दिग्गज भी शामिल हैं।कहां शुरू कहां खतम लोगों को सरप्राइस और मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार है क्योंकि प्यार हमेशा मोस्ट अन एसपेक्टेड ट्विस्ट के साथ अपना रास्ता खुद खोज लेता है। लक्ष्मण उतेकर की कहां शुरू कहां खतम में ध्वनि भानुशाली और आशिम गुलाटी अहम भूमिका में नजर आयेंगे, सौरभ दासगुप्ता द्वारा निर्देशित यह फिल्म 20 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और कठपुतली क्रिएशन्स प्रोडक्शन की इस यंग म्यूजिकल फैमिली एंटरटेनर फिल्म को विनोद भानुशाली, लक्ष्मण उतेकर, करिश्मा शर्मा और कमलेश भानुशाली द्वारा प्रोड्यूस किया गया है।

खेल खेल में को लाखों कमाना हो रहा मुश्किल, वेदा में अब नहीं रहा दम, रुला देगा 13वें दिन का कलेक्शन

श्रद्धा कपूर की श्स्त्री 2त्र से पंगा लेना अक्षय की श्खेल खेल मेंत्र और जॉन अब्राहम की श्वेदात्र को ऐसा महंगा पड़ा की दोनों फिल्में चारों खाने चित्त हो गईं. जहां श्स्त्री 2त्र हर दिन नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है तो वहीं श्खेल खेल मेंत्र और श्वेदात्र ने भी बॉक्स ऑफिस पर साल की बड़ी डिजास्टर फिल्म साबित होने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है. फिलहाल दोनों ही फिल्मो टिकट काउंटर पर आखिरी सांसे गिन रही हैं. चलिए यहां जान लेते हैं श्खेल खेल मेंत्र और श्वेदात्र ने 13वें दिन कितनी कमाई की है?

श्स्त्री 2त्र के आगे सिनेमाघरों में रिलीज होने का जोखिम उठाकर श्खेल खेल मेंत्र की ऐसी वाट लगी कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हाय तौबा करने के बाद भी मुट्ठीभर कमाई नहीं कर पा रही है. फिल्म में खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार से लेकर फरदीन खान, एमी विर्क, वाणी कपूर और तापसी पन्नू सहित कई कलाकार हैं बावजूद इसके श्खेल खेल मेंत्र को दर्शक नसीब नहीं हो रहे हैं. 100 करोड़ के बजट में बनी इस कॉमेडी ड्रामा को रिलीज हुए 13 दिन हो चुके हैं लेकिन ये आधा बजट तो दूर 25 करोड़ भी बटोर नहीं पाई है.फिल्म की कमाई की बात करें तो इसन पहले हफ्ते में 19.35 करोड़ कमाए थे. दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे फिल्म ने 70 लाख, दूसरे शनिवार 1.35 करोड़, दूसरे रविवार1.75 करोड़ और दूसरे सोमवार 85 लाख का कारोबार किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्खेल खेल मेंत्र ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को 75 लाख का कारोबार किया है. इसी के साथ श्खेल खेल मेंत्र का 13 दिनों का कुल कलेक्शन अब 24.75 करोड़ रुपये हो गया है.स्त्री 2 के आगे वेदा की तो जल बिन मछली जैसी हालत हो रही है. जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ स्टारर इस फिल्म ने शुरुआत तो अच्छी की थी लेकिन फिर इसकी कमाई ऐसी लुढकी की ये साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई. फिल्म ने जैसे–तैसे एक हफ्ता तो पार कर लिया लेकिन दूसरे हफ्ते में श्वेदात्र के लिए चंद लाख कमाना भी अब मुश्किल हो रहा है. फिलहाल जॉन अब्राहम की ये एक्शन पैक्ड फिल्म राम भरोसे चल रही है. वो भी इसलिए है कि इस शुक्रवार को सिनेमाघरों मे कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई थी.फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए तो इसके दूसरे हफ्ते में ही सिनेमाघरों से हटने के आसार नजर आ रहे हैं. इन सबके बीच श्वेदात्र के



अब तक के कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने पहले हफ्ते में बड़ी ही मुश्किल से 17.6 करोड़ कमाए थे. वहीं दूसरे हफ्ते के दूसरे फ्राइडे इसने 30 लाख, दूसरे शनिवार 55 लाख, दूसरे रविवार 80 लाख और दूसरे सोमवार 45 लाख की कमाए. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के दूसरे मंगलवार यानी 13वें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्वेदात्र ने रिलीज के 13वें दिन 26 लाख कमाए हैं. इसी के साथ श्वेदात्र का 13 दिनो का कुल कलेक्शन अब 19. 96 करोड़ रुपये हो गया है.खेल खेल मेंय और श्वेदात्र अब बॉक्स ऑफिस पर बेहद बुरी हालत में हैं. खासतौर पर श्वेदात्र का तो कचूमर निकल चुका है. ये फिल्म बड़ी ही मुश्किल से चंद लाख कमा रही है. ऐसे में फिल्म का अब दूसरे हफ्ते में ही बॉक्स ऑफिस ऑफिस से पैकअप होता नजर आ रहा है. अब देखने वाली बात होगी कि श्खेल खेल मेंय कितना और टिक पाती है.

पुष्पा द रूल की काउंटडाउन शुरू, सामने आया अल्लू अर्जुन का धांसू लुक पोस्टर

साउथ सिनेमा की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल का इंतजार सुपरस्टार अल्लू अर्जुन के फैंस को बेसब्री से हो रहा है. फिल्म पुष्पा 2 द रूल पहले बीती 15 अगस्त को रिलीज होनी थी, लेकिन फिल्म की शूटिंग पूरी ना होने की वजह से फिल्म अब दिसंबर में रिलीज होगी. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए एक खास मैसेज छोड़ा है. पुष्पा 2 द रूल के मेकर्स मूवी मैत्री मेकर्स ने फिल्म से अल्लू अर्जुन का एक धांसू पोस्टर रिलीज किया है. साथ ही बताया है कि अब पुष्पा 2 द रूल की रिलीज में 100 दिन बचे हैं. मैत्री मूवी मेकर्स ने ऑफिशियल फिल्म पुष्पा 2 द रूल से अल्लू अर्जुन का पोस्टर शेयर किया है. मेकर्स ने लिखा है, पुष्पा 2 द रूल की रिलीज में अब बस 100 दिन बचे हैं. फिल्म 6 दिसंबर को रिलीज होने जा रही है. बता दें, 6 दिसंबर को विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म छावा भी रिलीज होने जा रही है, जिसका हाल ही में टीजर रिलीज हुआ था और टीजर देखने के बाद फिल्म का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है.पुष्पा 2 द रूल में रश्मिका मंदाना एक्टर अल्लू अर्जुन और छावा में विक्की कौशल के अपोजिट नजर आएंगी. ऐसे में एक ही दिन रश्मिका मंदाना दो अलग–अलग फिल्मों में अपने जलवा दिखाने आ रही हैं.

द डायरी आफ वेस्ट बंगाल की तैयारी के लिए अर्शिन मेहता ने की कड़ी मेहनत

फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अर्शिन मेहता ने सुहासिनी भट्टाचार्य की भूमिका के लिए की गई तैयारी के बारे में खुलकर बात की।अर्शिन इसमें बांग्लादेश की एक हिंदू ब्राह्मण लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अपने देश में हिंदुओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों को देखने के बाद भारत के पश्चिम बंगाल में शरण लेती है।अपने किरदार को लेकर अभिनेत्री ने कई व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना किया।बजरंगी भाईजान से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अर्शिन ने इस बारे में बताया, मैं किरदार में रहना चाहती थी, इसलिए मैंने सुहासिनी की भूमिका को अपनाया, जो एक शरणार्थी है, जिसके पास विलासिता की चीजों की पहुंच नहीं है।

मैंने कुर्सियों पर बैठने से परहेज किया और जमीन पर बैठना पसंद किया, किसी से ज्यादा बात न करके अपने किरदार की मानसिकता में रहना पसंद किया। सुहासिनी ने इतने सारे अनुभव किए थे कि वह हमेशा अपने दायरे में रहती थी, और मैंने भी उसी दायरे में रहने की कोशिश की।उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने दायरे में रहना सुनिश्चित किया। मैं लगातार संगीत सुनती, किसी से बात करने से बचती और शूटिंग खत्म होने के बाद भी चुपचाप घर चली जाती और किरदार की मानसिकता में रहती।

सीरत कपूर ने आफ–शोल्डर मिनी ब्लैक ड्रेस में सोशल मीडिया पर मचाया धमाल, स्टाइलिंग के साथ दिखाई चेकमेट लेडी की अदा

ग्लैमरस अभिनेत्री सीरत कपूर जो अपने बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर तापमान बढ़ा दिया है। अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर अभिनेत्री ने एक ब्लैक मिनी ड्रेस में अपनी शानदार तस्वीरें शेयर की हैं, जिसने उनके फैंस को दीवाना बना दिया है।इस लेटेस्ट लुक ने उनके फैशनिस्ता के दर्जे को और भी मजबूत कर दिया है, और उनकी इंस्टाग्राम फीड उनके स्टाइल कौशल का प्रमाण है। सीरत को निस्संदेह लोगों का ध्यान आकर्षित करना बखूबी आता है और उनका यह नया लुक भी इसका प्रूफ हैकृ यह निश्चित रूप से आपके दिल को चुरा लेगा।अपने लेटेस्ट पोस्ट में, अभिनेत्री ने मिश्र इंडिया का एक शानदार आउटफिट पहना है जो उनके शरीर को पूरी तरह से कॉम्प्लिमेंट करता है। इस ड्रेस में एक–शोल्डर रफल डिजाइन है और दूसरी ओर एक ऑफ स्लीव है, जो इस आउटफिट को ओवरआल एक शानदार रूप देता है।बॉडीकॉन फिट उनके कर्व्स को निखारता है, जबकि मिनी हेमलाइन उनके लंबे पैरों को हाइलाइट करती है, जिससे यह आउटफिट किसी भी मौके के लिए एक परफेक्ट स्टेटमेंट लुक दे सकता है। एक्सेसरीज की बात करें तो उन्होंने इस आउटफिट के साथ लंबे सिल्वर स्टेटमेंट स्टोन इयररिंग्स और एक बड़ा डायमंड फूल के आकार की अंगूठी पहनी है।अपने लुक को पूरा करने के लिए उन्होंने सिल्वर–स्टैंड की बटरफलाई से सजी हाई हील्स पहनी, जिसने उनके पूरे लुक को एक ग्लैम टच दिया।मेकअप की बात करें तो सीरत कपूर ने बोल्ड अप्रोच चुनी। उन्होंने अपनी आँखों को स्मज्ड आईलाइनर, मस्कारा और डिफाइन्ड ब्रो से उभारा, जिससे उनकी निगाहें बेहद आकर्षक लग रही थीं। ब्लश्ड चीक्स और ग्लोइंग हाइलाइटर ने उनके चेहरे को एक अलग चमक दी।उन्होंने लुक को ग्लॉसी लिपस्टिक के शेड से पूरा किया, जो उनके ओवरऑल वाइब को कॉम्प्लिमेंट करता था। उनकी व्हाइट नेल्स ने ऑल–ब्लैक आउटफिट को एक परफेक्ट कॉन्ट्रास्ट लुक दिया। अभिनेत्री ने अपने लंबे कर्ल को साइड पार्टिशन में खुला छोड़ा, जिससे वे खूबसूरती से उनके कंधे पर लहराते दिखे।यह हेयरस्टाइल उनके ग्लैम लुक के साथ पूरी तरह मेल खाता है। ऑल–व्हाइट बैकड्रॉप के सामने पोज करते हुए सीरत कपूर ने उन चेकमेट वाइब्स को बखूबी दर्शाया, जिसमें उन्होंने हर शॉट में आत्मविश्वास से चारों ओर छा गईं। एक ही लुक में बोल्डनेस और एलिगेंस का बैलेंस बनाना सच में प्रेरणादायक है।

पुलिस अधीक्षक का फर्जी फेसबुक आई डी बना कर विवादित पोस्ट करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के आदेश के क्रम में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक का फर्जी फेसबुक आई0डी0 बनाकर विवादित पोस्ट करने वाले अभियुक्त को साइबर क्राइम थाना सिद्धार्थनगर तथा एसओजीध सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया मिली शिकायत के अनुसार उ0नि0 हरिओम कुशवाहा पुत्र सम्पत कुशवाहा वर्तमान पता पीआरओ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर स्थायी पता सिरसिया थाना कसया जनपत कुशीनगर उ0प्र0 द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि (कप्तान प्राची सिंह) नाम से फर्जी फेसबुक आई0डी0 बनाकर विवादित पोस्ट को वायरल किया जा रहा है इस सूचना पर प्रभारी साइबर क्राइम द्वारा प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 05/2024 धारा 302,

318(2), 319(2), 336, 338, 353(2) भारतीय न्याय सहिंता व 66(ब) प्ज ।बज बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया तथा विवेचना के क्रम में सर्विलांस सेल व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त शानू पुत्र कादिर निवासी मोहल्ला लाजपत नगर पोस्ट एकौना जिला श्रावस्ती का नाम प्रकाश में आया इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर आज साइबर क्राइम थाना ,जनपदीय एस0ओ0जी0 व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा अभियुक्त शानू पुत्र कादिर निवासी मोहल्ला लाजपत नगर पोस्ट एकौना जिला श्रावस्ती यू0 पी0 को महनगा पुल के नीचे से गिरफतार किया गया अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा अनुचित धन अर्जन करने के लिये उच्च अधिकारीगण के फ्रर्जी फेसबुक आई0डी0 बनाकर जनपद के ग्—प्लेटफार्म से पोस्ट अधिकारियों के फोटो का स्क्रीनशॉट लेकर फेसबुक पर पोस्ट करता हूँ, जिससे मुझे काफी वियूज व लाईक मिलते है जिससे मुझे अच्छा धन अर्जित होता था । उसी क्रम में मैने अपने द्वारा बनाये हुये कप्तान प्राची सिंह के फेसबुक पेज पर एक विवादित पोस्ट भी डाला था जिस पर काफी लोगो ने आपत्तीजनक कमेंट भी किये थे पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक मोबाइल और दो सिम कार्ड भी बरामद हुआ विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा जा रहा है।

एनटीपीसी सिंगरौली कमिश्नर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ वाराणसी का हुआ दौरा

सोनभद्र(आरएनएस)। एनटीपीसी सिंगरौली में आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नीरज श्रीवास्तव, कमिश्नर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ वाराणसी ने प्रमुख रूप से भाग लिया। इस बैठक में एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ष्हायर पेंशनष् और 'ईपीएस 95' से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को साझा किया गया और विभिन्न रिकॉर्ड्स का विस्तृत निरीक्षण भी किया गया। श्री श्रीवास्तव ने अपनी उपस्थिति से स्पष्ट किया कि ईपीएफओ द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं की प्रासंगिकता और लाभ को अधिकतम करने के लिए एनटीपीसी और अन्य संस्थानों के साथ सामंजस्यपूर्ण संवाद और निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने ष्हायर पेंशनष् योजना के लाभों और 'ईपीएस 95' की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा की, जो पेंशनभोगियों के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। बैठक में एनटीपीसी के उच्च अधिकारियों ने श्री श्रीवास्तव के समक्ष मौजूदा पेंशन योजनाओं और भविष्य निधि से संबंधित मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा, बैठक में कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों के रिकॉर्ड्स की समीक्षा भी की गई, ताकि पेंशन योजनाओं की सही और पारदर्शी तरीके से कार्यान्वयन की जा सके। बैठक के अंत में राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने सम्बोधन में नीरज श्रीवास्तव द्वारा इस महत्वपूर्ण विषय पर उनकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन की सराहना की और कहा की इस बैठक ने दोनों पक्षों के बीच सहयोग और समझ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे पेंशन लाभार्थियों को भविष्य में बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। कार्यक्रम में ईपीएफओ वाराणसी से श्याम बिहारी, इन्फोर्समेंट ऑफिसर, रवीन्द्र सिंह पटेल, इन्फोर्समेंट ऑफिसर, नील कमल, सेक्शन सुपरिंटेन्डेन्ट, रमणीक तिवारी, सीनियर सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट व एनटीपीसी सिंगरौली के अन्य विभागाध्यक्ष व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सरकार के आदेश को ठेंगा 18 घण्टा की जगह घण्टा दो घण्टा बिजली सप्लाई से आक्रोश

बीजपुर(सोनभद्र)(आरएनएस) पिपरी सबस्टेशन से पोषित 33 केवीए जर्जर हो चुकी ग्रामीण लाइन पिछले महीने से खराब पड़ी है।इसकी वजह से कुंडाडीह नधिरा बभनी बीजपुर उपकेंद्रों से जुड़े हजारों उपभोक्ताओं को बैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत जलकल फीडर की लाइन से टेपिंग कर प्रत्येक उपकेंद्र के हर फीडर को एक एक घण्टा बिजली आपूर्ति ने सरकार के उस आदेश को ठेंगा दिखा दिया है जिसमे यह कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टा बिजली हरहाल में आपूर्ति की जाएगी। बताया जाता है कि 33 केवीए जलकल फीडर की क्षमता कम होने के कारण हर दस मिनट में ट्रिप करती है उसके बाद दो से तीन घण्टा मे उपकेंद्र को पिपरी से पुनः चार्ज किया जाता है तब तक नए फाल्ट खड़े हो जाते हैं।ग्रामीण बताते हैं कि विभाग में र्भ्ष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि उपभोक्ताओं से बिल की वसूली तो दबाव बना कर की जा रही है लेकिन मरम्मत रखरखाव और जर्जर उपकरण के कारण दिन रात मिला कर दस बार गाँवों में तार गिरने की सूचना से आपूर्ति न के बराबर है। बताया जाता है कि लगभग 20 साल पहले लगाए गए उपकरण पोल तार सब जर्जर अवस्था मे पहुँच गए है विभाग के पास बजट का अभाव है यही कारण है कि बिल तो वसूला गया लेकिन खराब उपकरण को बदलने की बजाय जोड़ तोड़ और जुगाड़ के सहारे चलाने की प्रथा ने सभी को पंगु बना दिया है।ग्रामीण क्षेत्र में बरसात के कारण बिषैले जीवजंतुओं का भय बना रहता है ऊपर से मच्छरों के प्रकोप ने लोगों की नींद हराम की है बिजली के अभाव में बच्चों की पढ़ाई बर्वाद हो रही है तो लंबे समय से एक ही स्थान पर कुंडली मारे जेई और अन्य कर्मचारी उपकेंद्रों को राजनीतिक अखाड़ा बना लिए है।उपभोक्ताओं की माने तो फाल्ट आज होगा और उसका मरमत दो दिन बाद जब लाइनमैन का मूड होगा तब कराया जाता है इससे ग्रामीणों में आक्रोश ब्याप्त है।इसबाबत एक्सईएन पिपरी दिलीप कुमार को फोन किया गया लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था जिसके कारण विभागीय पक्ष नही मिल पाया।

ओबरा तापीय परियोजना में विद्युत मजदूर संघ ने नवागत मुख्य महाप्रबंधक का स्वागत

ओबरा(सोनभद्र)(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ ने ओबरा तापीय परियोजना के नवागत मुख्य महाप्रबंधक इ. आरके अग्रवाल का स्वागत किया। संघ की ओबरा शाखा ने नवागत मुख्य महाप्रबंधक के साथ विद्युत उत्पादन में उत्तरोत्तर प्रगति और कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक वार्ता की। इस वार्ता में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण और परियोजना के समग्र विकास पर विचार–विमर्श किया गया। विद्युत मजदूर संघ ने इस वार्ता के प्रति सकारात्मक रुख दिखाया और आशा व्यक्त की कि परियोजना के संचालन में आने वाली चुनौतियों का समाधान शीघ्रता से किया जाएगा।

संघ के सदस्यों ने मुख्य महाप्रबंधक से निकट भविष्य में ठोस कदम उठाने की अपेक्षा व्यक्त की, जिससे परियोजना के उत्पादन में वृद्धि हो और कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहें।इस अवसर पर संरक्षक धुरंधर शर्मा, शाखा अध्यक्ष राम प्रसाद एवं शाखा सचिव जितेंद्र कुमार मौर्य सहित कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता, उपसचिव विशेष श्रीवास्तव, मनीष कुमार, गौरी शंकर मंडल, ईश्वर दयाल मौर्य, दीपू

गोपीनाथन, श्री जीत आदि ने सीजीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया

ओबराध्सोनभद्र(आरएनएस)। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अंबेडकर स्टेडियम के बैडमिंटन कोर्ट में अखिल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ओबरा नगर इकाई के द्वारा नगर मंत्री ऋषभ राज के नेतृत्व मे एक दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमे कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया गया जिसमे लुक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वही विशाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व कार्तिकेय केशरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी विजेता खिलाडियों को पदक और शील्ड दे कर सम्मानित किया गया व प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किए सभी खिलाडियों के उत्साहवर्धन के लिए मोमेंटो दे कर सम्मानित किया।

इसी दौरान पूर्व तहसील संयोजक शिखर सोनी ने खिलाडियों को मेजर ध्यांचंद्र के बारे मे बताया मेजर ध्यानचंद की विरासत हॉकी के मैदान पर उनकी असाधारण उपलब्धियों से कहीं आगे है। उन्होंने वैश्विक मंच पर भारतीय खेलों को पुनः परिभाषित किया, कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के युग में हॉकी में देश का प्रभुत्व स्थापित किया। भारतीय खेलों में उनके योगदान को न केवल उनकी जीत के लिए याद किया जाता है, बल्कि एथलीटों की भावी पीढ़ियों को उनके द्वारा दी गई प्रेरणा के लिए भी याद किया जाता है। इस दौरान पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनमोल सेठ ने बताया की मेजर ध्यानचंद के खेल के प्रति अद्वितीय कौशल और समर्पण ने हॉकी की दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ी। वर्ष 1926 से 1948 तक अपने खेल करियर के दौरान मेजर ध्यानचंद ने 1,000 से ज्यादा गोल किए और भारत को 1928, 1932 और 1936 में लगातार तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए। इस दौरान अनिकेत सिंह, नील प्रताप सिंह, अंशित पाठक, अभय चौहान, रक्षित राज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री ट्रायल बैठक का आयोजन

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देशानुसार आज प्रभारी जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मो० रफी की अध्यक्षता में दिनांक 14–09–2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु जनपद के न्यायिक अधिकारी, जिले के प्रशासनिक अधिकारी के साथ प्री–ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सुबाष चन्द्र तिवारी विशेष न्यायाधीश (एस0सी0ध एस0टी0 एक्ट)ध्नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दिलीप कुमार वरिष्ठ निरीक्षक बाट तथा माप, देवेन्द्र प्रताप सिंह जिला पूर्ति अधिकारी, अवनीश कुमार पाण्डेय आबकारी निरीक्षक, बृजेश कुमार संभागीय निरीक्षक ए०आर०टी०ओ०, राजमणि गुप्ता ए०डी०ओ० भारतीय दूर संचार निगम लि०, उज्जवल कुमार त्रिपाठी श्रम प्रर्वतन अधिकारी, असहरूददीन कम्पयूटर आपरेटर नगरपालिक परिषद, दयाशंकर यादव प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, बीना तिवारी सहायक वन संरक्षक, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता कर रहे माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित जनपद के जिले के प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ विचार–विमर्श किया गया तथा अधिक से अधिक प्री–लिटिगेशन के वादों को लोक अदालत हेतु चिन्हित किये जाने तथा चिन्हित मामलों में अधिकाधिक नोटिस निर्गत किये जाने हेतु दिशा–निर्देश दिये गये

प्रभारी जनपद न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बैठक में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि वे पैरा लीगल वालिन्टियर के माध्यम से जिला मुख्यालय तथा विभिन्न तहसीलों में ऐसे स्थान जहां जनसामान्य की अधिकाधिक संख्या मौजूद हो जैसे न्यायालय, कलेक्ट्रेट, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, हाट बाजार तहसील मुख्यालय, बैंक आदि जगहों पर लोक अदालत की भव्य सफलता सुनिश्चित किये जाने हेतु लोक अदालत एवं उसमें नियत की जा सकने वाले वादों की अधिकाधिक जानकारी व प्रचार–प्रसार हेतु प्रयास करे व जनसहभागिता सुनिश्चित करें।

जिला स्वास्थ्य समिति एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–
जिला स्वास्थ्य समिति (डी0एच0एस0) एवं स्वास्थ्य विभाग से संबधित योजनाओ की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा पिछली बैठक में दिये गये निर्देशो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने बैठक में उपस्थित सभी संबधित एमओआईसी, डैम, डीसीपीएम व अन्य नोडल अधिकारियो को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य से संबधित जो भी उपकरण की आपूर्ति की जानी है। शासन द्वारा प्राप्त शासनादेशध गाइडलाइन के अनुसार मेरे समक्ष तीन दिन के अन्दर पत्रावली प्रस्तुत होना अनिवार्य है। टीकाकरण की प्रगति कम होने पर डुमरियागंज, जोगिया, खुनियावं, शोहरतगढ़ की प्रगति कम होने पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि टीकाकरण का सत्र शेड्यूल के अनुसार निरीक्षण करे तथा टीकाकरण की फीडिंग तथा शत–प्रतिशत टीकाकरण कराने का निर्देश दिया बैठक में उपस्थित सभी बीसीपीएम को निर्देश दिया कि नये बच्चो के जन्म पर आशा से प्राप्त रिपोर्ट की फीडिंग सही समय पर की जाये गांव में जाकर बीसीपीएम 05–05 घरो का रेण्डमली निरीक्षण कर जांच करेगे समस्त बीसीपीएम अनावश्यक कार्यालय में नही बैठेंगे, आशा के माध्यम से जन्म लेने वाले बच्चो की फीडिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करे सभी

आशाओ को दी गयी किट को भी चेक करे, उसके पास पूरी सामग्री है अथवा नही इसके अलावा जिन चीजों की कमी हो उन्हें क्रय करने का निर्देश दिया जन्म लेने वाले बच्चो का वजन ठीक ढंग से लिया जाये इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नही होनी चाहिए सभी बीसीपीएम को वजन मशीन को ठीक कराने का निर्देश दिया। एसएनसी डेटा माह जुलाई 2024 की समीक्षा, एचबीएनसी और आरसीएच पोर्टल डाटा, एचएमआईएस डिलेवरी 95 प्रतिशत प्रत्येक दशा में अस्पताल में ही हो जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने प्रचार्य मेडिकल कालेज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, समस्त एमओआईसी को निर्देश देते हुए कहा कि किसी गर्भवती महिला को जानबूझ कर किसी अन्य जगह रेफर कदापि न किया जाये। इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर मेरे स्तर से कड़ी कार्यवाई की जायेगी जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने सभी संबधित मेडिकल आफिसरो को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी ईमानदारी के साथ गर्भवती महिलाओ व बीमार व्यक्तियो के साथ अच्छा व्यवहार करे और सही इलाज करे मेडिकल कालेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय परिसर में दलाल कदापि न रहे इसकी कड़ी निगरानी मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्राचार्य मेडिकल कालेज की है जिलाधिकारी द्वारा अनटाइड फन्ड, परिवार नियोजन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, टीकाकरण अभियान, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, रोगी कल्याण समिति, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, जननी सुरक्षा योजना आदि की समीक्षा की गयी जिलाधिकारी ने रोगी कल्याण समिति व अन्टाइड फन्ड से नियमानुसार उपकरण, मरीजो के बैठने हेतु फर्नीचर की नियमानुसार क्रय करने का निर्देश दिया। ई–संजीवनी के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मरीजों को टेली मेडिसिन सुविधा उपलब्ध करानें हेतु निर्देश दिया गया जिलाधिकारी ने समस्त एम0ओ0आई0सी0 को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कर ले कि सभी का प्रसव अस्पताल में ही हो तथा उसकी शत–प्रतिशत फीडिंग कराये जाने का भी निर्देश दिया गया तथा गर्भवती महिलाओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि दिये जाने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यों की समीक्षा सप्ताह में करने का निर्देश दिया जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी मरीज को परेशान न किया जाये तथा बाहा की दवा न लिखे।

इस बैठक में प्राचार्य मेडिकल कालेज डा0 राजेश कुमार त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0के0झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, डी0पी0एम0, डैम, डी0सी0पी0एम0 समस्त सीएचसीध्पीएचसी के एम0ओ0आई0सी0, बीपीएम, बीसीपीएम आदि उपस्थित थे।

नन्हें हाथों से सधे अंदाज में वालीबाल में ओबरा, रेणुकूट, चोपन, डाला ने मारी बाजी

ओबरा नगर पंचायत अध्यक्षा ने किया उद्घाटन और पुरस्कृत

ओबरा (सोनभद्र)(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आयोजित जनपद स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के बालक संवर्ग के अंडर 19 वर्ग में ओबरा इंटर कॉलेज प्रथम, आदित्य बिरला इंटर कॉलेज रेणुकूट द्वितीय, आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला तृतीय स्थान पर रहे, वहीं अंडर 17 वर्ग में गुरुद्वारा इंटर कॉलेज चोपन प्रथम, आदित्य बिरला इंटर कॉलेज रेणुकूट द्वितीय, शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ओबरा तृतीय रही। अंडर 14 वर्ग में आदित्य बिरला इंटर कॉलेज डाला प्रथम, शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज ओबरा द्वितीय स्थान पर रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओबरा नगर पंचायत की अध्यक्षा चांदनी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित और जिले भर से आए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकुंद सिंह गौर ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत मेजबान शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की बेटियां अर्पिता, शिखा, शिवानी, महक, वर्षा ने प्रस्तुत किया। संचालन प्रवक्ता आचार्य प्रमोद चौबे, अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिता में सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण पासवान, बिल्ली मारकुंडी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव, मुकेश जायसवाल, सभासद अनिल, व्यायाम शिक्षकों में अनिल सिंह, राहुल त्रिपाठी, श्वेता द्विवेदी, अनुराग पांडेय, संतोष यादव, जितेंद्र, अभिषेक श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

पुरस्कृत हुए फुटबाल खिलाड़ी
वॉलीबाल प्रतियोगिता स्थल पर काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर सोनभद्र मुख्यालय तियरा स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में अंबेडकर स्टेडियम क्लब ओबरा की विजई टीम को नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी ने 5100 रूपये के नकद देकर पुरस्कृत किया। साथ में अन्य पुरस्कारों से भी नवाजा। इसमेंजिला फुटबाल एसोसियेशन के सचिव मो. नूर अहमद सहित कप्तान अनिल सिंह के नेतृत्व में पूरी टीम शामिल रही।

शाम होते ही छुट्टा घुमंतू पशुओं का सड़क पर लग रहा जमघट दुर्घटना को दे रहे दावत

बीजपुर(सोनभद्र)(आरएनएस)रेणुकोट बीजपुर सड़क मार्ग पर शाम होते ही घुमंतू पशुओं का जमघट लगने से वाहन दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है।क्षेत्र के दोनों पेट्रोल पंप के सामने बैढन बाईपास मोड़ थाना के पास डोडहर मोड़ पुनर्वास प्रथम के जायका कालोनी के पास बाजार स्थित श्रीराम चौक सहित स्वागत गेट के आस पास मोटर गैराज पर सिरसोती में दर्जनों की संख्या में छुट्टा घुमंतू गाय बैल बछड़ा का जमघट शाम होते ही लगने से राहगीरों सहित वाहनों के आवागमन को लेकर दुर्घटना की आशंका बढ़ गयी है। बताया जाता है कि आए दिन बाइक सवार रात में पशुओं से टकरा रहे हैं गनीमत यही है कि इस वर्ष कोई बड़ी घटना नही हुई है। बताते चलें कि पिछले वर्ष पेट्रोल पंप के सामने सड़क पर बैठे पशुओं से बाइक सवारों की भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर मौत हो गयी थी इसमे एक गाय और उसके बछड़े की भी मौत बाइक की टक्कर में हो चुकी है बावजूद पशुपालक निश्चिंत हैं।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।